



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 250/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 27 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## मोदी कैबिनेट का फैसला: देश में खोले जाएंगे 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में 157 सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिस पर 1570 करोड़ रूपये का खर्च आयेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी।



मांडविया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने 157 नई सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोलने का फैसला किया है। 10 करोड़ की लागत से ये नर्सिंग कॉलेज वहीं खोले जाएंगे, जहां पहले से मेडिकल कॉलेज हैं। इस तरह देश भर में 1570 करोड़ रुपए की लागत से 157 नर्सिंग कॉलेज खोले जाने को मंजूरी दी गई है। इन नर्सिंग कॉलेजों को 24 महीने के भीतर को मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल देश में 1 लाख 6 हजार एमबीबीएस की सीट हैं और बीएससी नर्सिंग की सीटें 1 लाख 18 हजार हैं।

### मेडिकल डिवाइस पॉलिसी को मंजूरी

इसके साथ मेडिकल डिवाइस पॉलिसी 2023 को भी कैबिनेट की मंजूरी मिली है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश में मेडिकल डिवाइस की मांग बढ़ी है। इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मेडिकल डिवाइस पॉलिसी 2023 तैयार की गई है। इस पॉलिसी के तहत सभी मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री को आगे बढ़ाया जाएगा और एक व्यापक सिस्टम के तहत मेडिकल डिवाइस बनाया जाएगा ताकि दुनिया में मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री को बढ़ावा दे सके। दरअसल अभी कई मंत्रालय मेडिकल डिवाइस बनाने से जुड़े हैं, नई पॉलिसी के तहत एक व्यापक सिस्टम डेवलप होगा।कैबिनेट की बैठक में दंतेवाड़ा में मारे गये 11 जवानों और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# मोदी ने कर्नाटक के पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव जीतने का खास मंत्र, कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। इस बीच आज (गुरुवार) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि राज्य में कर्नाटक में लोकतंत्र का उत्सव चल रहा है। बीजेपी ने हमेशा चुनावों को लोकतंत्र के महोत्सव की तरह सेलिब्रेट किया है। लोकतंत्र का सूत्र समझाने वाले भगवान बसवेश्वर की धरती से, कनार्टक की समृद्ध परंपरा के प्रतिनिधि और राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत भाजपा के कार्यकर्ता होने का डबल गौरव आप सभी को प्राप्त है।

पीएम मोदी ने कांग्रेस निशाना साथा। कहा कि पार्टी की भ्रष्टाचार मिटाने में कोई रुचि नहीं ली। वह खुद ही भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा श्रोत रही है। साल 2014 के बाद भ्रष्टाचार से लड़ाई में कितनी तेजी आई है, यह पूरा देश देख रहा है। जन-धन, आधार और मोबाइल के त्रिशुल ने भ्रष्टाचार पर बहुत बड़ा वार किया है।



### पिछले 9 सालों में एम्स की संख्या बढ़ी

उन्होंने कहा कि देश में पहला एम्स 1956 में शुरू हुआ। कांग्रेस ने उसका खूब श्रेय लिया। दूसरा एम्स कब शुरू हुआ इसपर कांग्रेस कुछ नहीं बोलती। 60 सालों में 7 एम्स बने, लेकिन 9 सालों में हमने देश में एम्स की संख्या 20 कर दी।

### भारत निवेशकों का केंद्र बना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, %पिछले 9 सालों में भारत दुनियाभर के निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बना है। डबल इंजन सरकार के कारण इसका बड़ा लाभ कर्नाटक को मिला है। अगर यहां ऐसी सरकार आएगी जो केंद्र सरकार से लड़ती रहेगी और राजनीति करती रहेगी। ऐसे में सभी परियोजनाओं को लटकाती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपीऔर अन्य पार्टियों में सबसे बड़ा फर्क अप्रोच का है। हमारे विरोधियों का एजेंडा है सत्ता हथियाना। हमारा एजेंडा है आने वाले 25 सालों में देश को विकसित बनाना।

# मोदीजी हैं तो मुमकिन है: चौहान

### सूडान से भारतीयों को सुरक्षित निकालने पर माना आभार



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सूडान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकाले जाने पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया है। एक बार फिर यह सिद्ध हो गया है कि मोदी है तो मुमकिन है, प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार। श्री चौहान आजा भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उनके साथ गृहमंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा, नरेंद्र सलूजा आदि मौजूद थे।

उन्होंने कहा- सबसे पहले मैं श्रीमान नरेंद्र मोदी जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं कि मोदी जी है तो मुमकिन है। पहले जब रूस और यूक्रेन के युद्ध में भारत के बच्चे फँस गए थे, तब मोदी जी ने हमारे बच्चों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया था।

अब सूडान में जो गृह युद्ध की स्थितियां बनी है , उसमें भी हमारे भाई-बहन फंसे है। हम चिंतित थे, मध्य प्रदेश के लोग भी उनमें थे और हम लगातार केन्द्र सरकार के संपर्क में भी थे। प्रधान मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद कि फंसे हुए लोग सकुशल भारत लौट रहे हैं और मध्यप्रदेश के भी 7 लोग सुरक्षित वापस लौटे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि बाकि जो लोग अभी रह गए हैं , हम उनको प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में , विदेश मंत्री जी के प्रयासों से सुरक्षित लाने में सफल होंगे।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए श्री चौहान ने कहा- दिग्विजय सिंह जी ने खुद की कोरोना वायरस से ठीक तुलना की है। कोविड ने वायरस के रूप में जितना नुकसान पहुँचाया था, उससे कई गुना ज्यादा नुकसान मध्य प्रदेश को श्रीमान दिग्विजय सिंह जी ने और कमलनाथजी ने पहुंचाया है। मुझे तो आश्चर्य होता है कि तुलना के लिये उन्हें कोरोना वायरस ही मिला। वह कोरोना वायरस जिसके कारण हाहाकार मच गया था ,लोगों की जिंदगी गई थी, अर्थव्यवस्था भी अस्त-व्यस्त हो गई थी , वह तो मोदी जी थे जिनके नेतृत्व में एक नहीं, दो-दो वैक्सीन बनी और बाद में कोविड पर नियंत्रण पा लिया गया। वरना कमलनाथ जी ने तो प्रदेश को भगवान भरोसे छोड़ दिया था।

# बीजेपी के नेता दलाल बन गए है: दिग्विजयसिंह



**बदनावर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह ने गुरुवार सुबह यहां रेस्ट हाऊस पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश में इस समय परिवर्तन की लहर चल रही है। मतदाता भाजपा सरकार की रीति नीति से तंग आ चुके हैं तथा उसे चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट मांगने का कोई हक नहीं है। पार्टी आज सरकार नहीं चला रही वह व्यवसाय कर रही है। सभी नेता दलाल बन गए हैं। अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग लोगों को लूटने में लगा है। उन्होंने यह भी मंजूर किया कि वर्ष 2020 में कांग्रेस की अच्छी भली सरकार के जाने का उन्हें काफी पछतावा है। किंतु ज्योतिरादित्य सिंधिया के वापस कभी कांग्रेस में आने पर आप स्वागत करेंगे तो इस प्रश्न को वे टाल गए।

केजरीवाल द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की फर्जी डिग्री का मुद्दा उठाए जाने पर उन्होंने कहा कि यह सही है। कोई सहपाठी यह बताने के लिए तैयार नहीं है कि मोदीजी मेरे साथ कॉलेज में पढ़े हैं और मैंने दुकान पर चाय पी है।

न्होंने किसान फसल मुआवजा बिजली बिल बीमा राशि, शिक्षित बेरोजगारी भत्ता, ब्राह्मणों के लिए आयोग का गठन, लाडली बहना योजना आदि के बारे में कहा कि कांग्रेस सरकार में लागू की गई कई योजनाएं बंद कर अब उन्हें नए सिरे से लागू किया जा रहा है। हमारी सरकार में लाडली बहना योजना हिमाचल एवं कर्नाटक में पहले ही लागू हो चुकी है। जबकि 20 साल बाद और चुनाव के 6 महीने पहले शिवराजसिंह चौहान को अब इनकी याद आई है। बाद में दिग्विजयसिंह ने पार्टी के सेक्टर एवं मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अलग-अलग बैठक ली। दोपहर बाद वे रतलाम के लिए रवाना होंगे।

## जम्मू-कश्मीर के बनिहाल के पास लैंडस्लाइड, हाईवे बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बनिहाल के पास शालगडी में भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद है। रामबन के उपायुक्त ने बताया कि सड़क की सफाई किए जाने के बाद राजमार्ग को फिर से खोल दिया गया है।

जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वाले स्थानीय व्यक्ति का पता लगा लिया है और उसे हिरासत में ले लिया है। 20 अप्रैल को पुंछ के भाटा धुरियन के जंगली इलाके में सेना के ट्रक पर हमला किया गया था। अटैक में 5 जवान शहीद हुए थे।

## शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आग लगी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नए ब्लॉक के अटारी में आग लग गई। इस हादसे में अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का भी अभी पता नहीं चला है। दमकल मौके पर मौजूद है।

## बाहुबली आनंद मोहन रिहा

**पटना।** 1994 में भारतीय प्रशासिनक सेवा (आईएएस ) अधिकारी और गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की मॉब



लिंचिंग कराने के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह अंतिम तौर पर आज जेल-मुक्त हो गए। उन्हें सहरसा जेल से गुरुवार सुबह 6ः15 बजे रिहा कर दिया गया। जेल प्रशासन की मानें तो कागजी प्रक्रिया बुधवार रात तक पूरी हो गई। समर्थकों की भीड़ और विधि व्यवस्था को देखते हुए आनंद मोहन को अहले सुबह रिहा किया गया। राजनीति के लिहाज से यह एक राजपूत नेता की रिहाई है। दिवंगत आईएएस कृष्णैया की पत्नी उमा देवी इस रिहाई पर दुःख जता चुकी हैं। रिहाई के एक दिन पहले पटना हाईकोर्ट में इसके खिलाफ जनहित याचिका दायर हुई है।

## लगातार पांचवें दिन घटे कोरोना के एक्टिव केस : आंकड़ा घटकर 57 हजार पहुंचा, 24 घंटे में 9 हजार 355 नए एक्टिव केस सामने आए

**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटे में कोरोना के 9,355 केस सामने आए हैं, जबकि 26 लोगों की मौत हुई। कोरोना के एक्टिव केस लगातार पांचवें दिन कम हुए हैं। शुक्रवार को देश में 57,410 एक्टिव केस थे। इससे पहले 22 अप्रैल को सबसे ज्यादा 67,806 केस एक्टिव थे।

10 दिन बाद एक्टिव के 60 हजार से कम हुए हैं। 16 अप्रैल को देश में 60,313 लोगों का इलाज चल रहा था, जिसके बाद यह आंकड़ा बढ़ता चला गया। नए केस में कमी और ज्यादातर लोगों के ठीक होने के चलते एक्टिव केस कम हो रहे हैं। पिछले चार दिनों में नए केस 10 हजार से कम मिले हैं। रविवार (23 अप्रैल) को 6,904 नए केस सामने आए थे, 16 लोगों की मौतें हुई थीं। सोमवार (24 अप्रैल) को 6,934 नए संक्रमित मिले थे। वहीं 24 लोगों की मौतें हुई थीं। मंगलवार (25 अप्रैल) को 9,629 केस दर्ज किए गए थे और 29 लोगों की मौतें हुई थीं। वहीं, बुधवार यानी 26 अप्रैल को भी 9,355 केस सामने आए हैं।

## प्रकाश सिंह बादल को अंतिम विदाई, नड्डा, पवार और सीएम मान भी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का थोड़ी देर में पैतृक गांव बादल में अंतिम संस्कार होगा। गांव के श्मशान घाट में जगह कम होने की वजह से उन्हें उनके ही खेत में मुखाग्नि दी जाएगी। पैतृक घर से संस्कार की जगह के लिए निकली शव यात्रा मैदान में पहुंच चुकी है। जिसमें भारी संख्या में समर्थक पहुंचे हैं। इससे पहले सुबह घर में पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया। यहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा, पंजाब के ष्टरू भगवंत मान, गवर्नर बीएल पुरोहित, जे एंड के के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्हा, ह्रष्टक्क चीफ शरद पवार भी शोक जताने पहुंचे।

# खरगोन: पटवारी के चार ठिकानों पर लोकायुक्त की दबिश

### 4 मकान, 7 दुकान, 4 लाख कैश और जेवर भी मिले

**खरगोन।** खरगोन जिले में पदस्थ एक पटवारी के चार ठिकानों पर इंदौर लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार सुबह 5 बजे दबिश दी। टीम को जांच के दौरान 4 मकान, 7 दुकान और कई जगहों पर जमीन होने के दस्तावेज मिले हैं। साढ़े चार लाख रुपए कैश और सोने-चांदी के जेवर भी मिले हैं। पटवारी ने अपनी दो बहनों के नाम भी जमीन खरीदी थी। अभी तक 1 करोड़ 71 लाख की संपत्ति का खुलासा हो चुका है।



जानकारी के मुताबिक पटवारी जितेंद्र सोलंकी गोगांवा तहसील में पांच साल से पदस्थ हैं। इनके खिलाफ शिकायत के आधार पर गोपनीय सत्यापन करवाया गया, जिसमें शिकायत सही पाई गई थी। उसके बाद आय से अधिक मामले पंजीबद्ध किया गया। फिर कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक लोकायुक्त टीम ने पटवारी के खरगोन में गौरीधाम कॉलोनी स्थित मकान सहित अन्य 4 जगहों पर भी दबिश दी। प्रारंभिक जांच में इंदौर के चंदन नगर में 6 दुकान व एक फ्लैट, खरगोन के राधा वल्लभ मार्केट में एक दुकान, ईश्वरी नगर में तीन मंजिला मकान, एक चार पहिया वाहन व दो टू व्हीलर, मूलथान और मोघन में कृषि भूमि के साथ गोगांवा में दुकान होने की जानकारी मिली है।

## बंगाल में रामनवमी पर हिंसा की जांच एनआईए करेगी, कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश

**कोलकाता।** रामनवमी के दौरान बंगाल के कई इलाकों में हुई हिंसा की जांच एनआईए करेगी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को यह आदेश दिया है। बंगाल में रामनवमी पर 30 मार्च से हावड़ा, उत्तरी दिनाजपुर, इस्लामपुर में शोभायात्रा के दौरान झड़प हुई थी। इसमें एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद के दिनों में हावड़ा और रिसड़ा के अलावा कई जगहों पर शोभा यात्रा के दौरान हिंसक घटनाएं हुईं थीं।

पुलिस ने इन घटनाओं के बाद 116 लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच ष्टढ्ढष्ठ को सौंपी गई थी। इसके बाद हनुमान जयंती से पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था कि बंगाल सरकार केंद्र से फोर्स मांगे और केंद्र भी अपनी फोर्सेस दे। लोगों की सुरक्षा सबसे जरूरी है।

# छत्तीसगढ़: सीएम बघेल ने शहीद जवानों की पार्थिव देह को दिया कंधा, कहा- बेकार नहीं जाएगी शहादत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा के अरनपुर में शहीद हुए 10 जवानों को अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री बघेल के साथ गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी दंतेवाड़ा पहुंचे हैं। दोनों नेताओं ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। इसके बाद वह जवानों के परिजनों से भी मिले। मुख्यमंत्री यहां पर अफसरों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी लेंगे। शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, हमारे जवानों ने नक्सलियों से लड़ते हुए शहादत दी है। उनकी ये शहादत बेकार नहीं जाएगी। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब और तेज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों को हमारे जवान घेरकर जंगल में मारते हैं और उनके शवों को लेकर भी आते हैं। नक्सलियों को अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उनको अब ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। लगातार नक्सलियों का दायरा घटता जा रहा है।



### परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन

मुख्यमंत्री बघेल ने पुलिस लाइन में शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवदेनाएं प्रकट कीं। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जवानों को श्रद्धांजलि देने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, दंतेवाड़ा विधायक, देवती कर्मा समेत दंतेवाड़ा कलेक्टर, आईजी, एसपी से लेकर तमाम पदाधिकारी पहुंचे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस की ओर से हमले का वीडियो जारी किया गया है। इसमें जवानों की गाड़ी को ब्लास्ट से उड़ते और नक्सलियों के मूवमेंट को दिखाया गया है।

# कोहेफिजा में चल रहा था पैकेज्ड पानी का कारोबार, प्लांट किया सील

**भोपाल ।** कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह के निर्देशानुसार जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन की जांच के दौरान बी.डी.ए. कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल स्थित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट कूल एन फ्रेश का निरीक्षण कर सील किया गया ।



प्रतिष्ठान में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का उत्पादन और 20 लीटर जारों में विक्रय होना पाया गया । परंतु इसके लिये आवश्यक बी.आई.एस. प्रमाणपत्र तथा खाद्य अनुज्ञप्ति नहीँ होना पाया गया । अवैध रूप से खाद्य कारोबार किया जाने के कारण अभिहित अधिकारी देवेन्द्र वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा प्रतिष्ठान को सील किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन की जाँच के दौरान बी.डी.ए. कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल स्थित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट कूल एन फ्रेश का निरीक्षण कर सील किया गया । कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन की जाँच के दौरान बी.डी.ए. कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल स्थित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट कूल एन फ्रेश का निरीक्षण कर सील किया गया है। इस वाक्य का अर्थ है कि कलेक्टर ने उस संयंत्र को बंद करने का आदेश दिया है और वह सील कर दिया गया है। यह निर्णय संयंत्र में कुछ गलतियों के कारण हुआ हो सकता है जो संयंत्र के कामकाज और सुरक्षा से संबंधित हो सकती हैं। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट कूल एन फ्रेश के संचालक को जानकारी होना चाहिए खाद्य अनुज्ञापत्र और बी.आई.एस. प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है जो पूरा नहीं किया है।

# बीडीए उपाध्यक्ष ने किया अंजली कॉम्प्लेक्स योजना का निरीक्षण



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल लिली द्वारा भोपाल विकास प्राधिकरण की अंजली कॉन्प्लेक्स योजना का निरीक्षण किया जिसे पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है इसके अंतर्गत पुराने प्रकोष्ठों को तोड़कर नए प्रकोष्ठ निर्मित किए जाएंगे निरीक्षण के दौरान अग्रवाल एवं पार्षद ब्रजाला सचान जोन अध्यक्ष एवं पार्षद आरती अनेजा एवं धर्मवीर सिंह के साथ क्षेत्रीय निवासी स्मृति अग्रवाल, सुषमा तोमर, लाजवंती शर्मा, ज्योति साते, मधु तिवारी, किरण अंजू गौर, उषा पाटिल, सारिका जैन, उषा अग्रवाल, अंजू मिश्रा, आशीष, सुधीर, फिरोज एवं उक्त अवसर पर कार्यपालन यंत्री नियति जैन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लालघाटी श्रीकाल भैरव मठ में आज शाम महाआरती कर लगाया जाएगा 56 भोग, होगी भजन संध्या



**भोपाल।** लालघाटी श्रीकाल भैरव मठ में बेशाख़ मास की अष्टमी पर गुरुवार रात्रि 8 बजे भगवान श्रीकाल भैरव की महाआरती एवं फूल बंगला श्रृंगार के साथ ही 56 भोग लगाकर भव्य भजन संध्या का आयोजन पूजन एवं विजयमदेहि हवन किया जाएगा। श्री काल भैरव मठ प्रवक्ता पंडित दीपक तिवारी ने यह जानकारी देते हुए आयोजन में सभी धर्म प्रेमी लोगों को शामिल होने की अपील की है।

# बाबा रामदेव भजन संध्या पत्रिका का वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने किया विमोचन



**भोपाल।** 3 मई को श्री बाबा रामदेव रुणिचा सरकार के गुणगान हेतु भजन संध्या का कैलाश नगर में जीनगर समाज के तत्वधान में होगा जिसमें देश के विख्यात भजन गायक सुशील गोपाल बजाज हैदराबाद अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे इस हेतु आमंत्रण पत्रिका का विमोचन वित्त, वाणिज्य कर कैबिनेट मंत्री जगदीश देवड़ा ने करते हुए सनातन संस्कृति के माध्यम से समाज और देश प्रदेश विकास का आवाहन किया। इस अवसर पर जीनगर समाज अध्यक्ष भगवानदास ढालिया और यजमान कांतिलाल गोयल ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताई। इस अवसर पर जीनगर ज्योति व्यापार उद्योग के संयोजक पृथ्वीराज चौहान, शहीद बीरबल ढालिया, जन कल्याण परिषद अध्यक्ष अशोक सांकले, रमेश निर्वाण, राम सिसोदिया, नरेश सोनगरा नाना,निखिल सोनगरा आदि उपस्थित थे।

# वाल्मीकि समाज विकास संघ की बैठक में अस्थाई कार्यकारिणी का गठन



**भोपाल।** रविंद्र भवन अप्सरा रेस्टोरेंट में वाल्मीकि समाज विकास संघ कि बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अस्थाई रूप से गठन किया गया जिसमें कार्यवाह अध्यक्ष महेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष सुरेश पारोचे, महासचिव जीतू बलुआ एवं शैलेंद्र बालुऐ, कोषाध्यक्ष मनोज नाहरिया,राजेश कल्याणी एवं जयकिशन भेरवे जी को बनाए गए। बैठक में राधेश्याम मैना,जयराज धौलपुर,संजीव शैले,मनोज पथरोल,रामगोपाल बीलवान,रितेश मैंना,तोरण तमोली,अजय बडगूजर,मनोज पवार,संतोष गोहर,प्रकाश सियोते जितेंद्र पारोचे सुजीत लोहट आदि उपस्थित रहे।

# आरकेडीएफ विवि में स्थापित होगी सत्यार्थी चेयर



**भोपाल।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित श्री कैलाश सत्यार्थी ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा यदि आपने अपने अंदर का बच्चा जीवित रखा है तो इसमें कोई संदेह नहीं कि आप एक अच्छे मनुष्य हैं . वे रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के बाद विधि विभाग के विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। इस चर्चा में भाग लेते हुए रुचि कपूर ने बताया कि उनके बहुत सारे ऐसे प्रोजेक्ट हैं जिसमें मानवीय संवेदनाओं को संजौने और जागृत करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि बहुत शीघ्र उनके संरक्षण में एक मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है जहां बच्चों के पोषण एवं चिकित्सा के लिए बहुत सारे कदम उठाए जाएंगे ।श्री सत्यार्थी से उन्होंने कहा कि आपकी बातों से हम सबको बहुत प्रेरणा मिली है और हम चाहते हैं कि बाल अपराध और शोषण से उन्हें मुक्त कराने के अभियान में सारे लोग एक साथ जुड़ें। रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति सिद्धार्थ कपूर भी बातचीत में शामिल थे। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया की यदि रामकृष्ण धर्मार्थ विश्वविद्यालय को इस कार्य के लिए सहयोगी बनाया जाएगा तो वे उसका स्वागत करेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षणः विद्यार्थियों को मिलेगा इंटर्नशिप का लाभ,15 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**भोपाल।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में स्वच्छ सर्वेक्षण - 2023 के अंतर्गत नया इंडिकेटर 'ट्युलिप इंर्टनशिप कार्यक्रम' शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के युवाओं में स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय सहभागिता एवं समझ हेतु अधिकतम 10 से अधिक विद्यार्थियों को इंर्टनशिप का लाभ दिया जायेगा। इस इंर्टनशिप का लाभ लेने हेतु इच्छुक विद्यार्थी आगामी 15 मई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत शामिल किया गया नया इंडिकेटर 'ट्युलिप इंर्टनशिप कार्यक्रम' है इसके लिए स्वच्छ सर्वेक्षण में 200 अंक रखे गए हैं।

## तकनीकी शिक्षक संघ प्रदेश सचिव के निवास पहुंचकर दी मुबारकबाद



भोपाल। तकनीकी शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय चौरसिया आज दोपहर डॉ असलम हुसैन प्रदेश सचिव तकनीकी शिक्षक संघ के निवास पर पर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद संघ की तरफ से प्रेषित की। तकनीकी शिक्षकों की समस्याओं एवं तकनीकी शिक्षकों के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

## ब्रिटानिया मारी गोल्ड माई स्टार्टअप सीज़न 4.0 ने 10 वुमेन प्रेन्योर्स के लिए 1 करोड़ का फंड जारी किया

**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया मारी गोल्ड माई स्टार्टअप अभियान के चौथे सीज़न में सर्वोच्च 10 विजेताओं की घोषणा की गई है, और अपने बिज़नेस वेंचर्स की शुरुआत के लिए उनमें से प्रत्येक को 10 लाख रु. का पुरस्कार दिया गया है। ब्रिटानिया मारी गोल्ड माई स्टार्टअप अभियान महिलाओं को उद्यमशील बनने का प्रोत्साहन देने के लिए एक मंच है। इस प्रक्रिया में महिलाएं नौकरियों की निर्माता और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं। 4 सफल सीज़न के संचालन के बाद इस फ्लैगशिप अभियान को इस सीज़न में 2 मिलियन से ज्यादा प्रत्याशियों ने रुचि दिखाई है। ब्रिटानिया मारी गोल्ड की टीम ने 80,000 से ज्यादा प्रतिभागियों को व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा प्रशिक्षण दिया है। इस साल चयनित प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रतिष्ठित ज्यूरी सदस्यों के समक्ष रखे, जिनमें रश्मि डागा, सायरी चहल, पिया बहादुर, लथा चंद्रमौली, और रुचिका भुवाल्का जैसी महिला उद्यमी शामिल थीं। इस ज्यूरी में प्रतिष्ठित व्यवसायिक और मीडिया हस्ती जैसे सेंथिल कुमार, अमित बापना, गौरव लगाथे, प्रसाद संगमेश्वरन और देलशाद ईरानी के साथ ब्रिटानिया की नेतृत्व टीम के सदस्य भी शामिल थे।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक बीएलडीसी पंखों के सेगमेंट को लेकर उत्साहित, रेंज का किया विस्तार

**भोपाल।** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जो कि विविधीकृत 2.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सीके बिरला ग्रुप का हिस्सा है, द्वारा बीएलडीसी पंखों की एक विस्तृत रेंज की पेशकश की गई है। कंपनी भारतीय ग्राहकों को कम ऊर्जा की खपत वाले और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



ओरिएंट के 5-स्टार रेटेड बीएलडीसी पंखे, साधारण पंखों की तुलना में 50त्न तक कम बिजली की खपत करते हैं, और साथ ही साथ, बेहतरीन एयर डिलिवरी भी देते हैं। गौर करने वाली बात है कि स्वाभाविक रूप से अक्सर जिन पंखों के संचालन को हम किफायती समझते हैं, वही पंखे औसतन घरेलू ऊर्जा खपत का लगभग 21त्न हिस्सा होते हैं। इसके लिए, ग्राहकों को चाहिए कि वे कम ऊर्जा खपत वाले स्टार रेटेड पंखों का चयन करें। इसके समाधान के रूप में, ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (बीएलडीसी) पंखे उत्कृष्टता से परिपूर्ण हैं, जो बिजली स्थानांतरित करने के लिए इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन का उपयोग करने वाले पारंपरिक मोटर्स के बजाए स्थायी मैग्नेट्स का उपयोग करते हैं। इस तकनीक का इस्तेमाल बीएलडीसी पंखों को ऊर्जा दक्ष एवं टिकाऊ बनाता है ।

# चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में पक्षियों के लिए दाना पानी को लेकर किया जागरुक



**संत हिरदाराम नगर।** चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल गाँधी नगर में कक्षा छठवीं की छात्राओं में पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता, करुणा के संस्कारों के रोपण हेतु जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। चिड़ियाओं के लिए दाना और पानी रखने की प्रेरणा देने वाली पंछियो की चैपाल नृत्य नाटिका का छात्राओं सुंदर मंचन किया। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने कहा कि बच्चों में धैर्य और नम्रता के संस्कार को रोपित करना होगा, क्योंकि छात्राओं के मन में दया, करुणा तथा जीवों के प्रति संवेदनशीलता होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आप जैसा बच्चों को बनाना चाहते हैं, पहले आपको वैसा बनना पड़ेगा। क्योंकि परिवार मे जब माँ अपने बच्चों को अच्छी आदतें डालती है, तभी संस्कार पक्के होते है। अत: सभी माताएँ अपने बच्चों को स्नेह व समय अवश्य दें। इसी क्रम में उन्होंने छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकगणों से भी अपील की कि वे असहाय जीवों के प्रति संवेदनशील बनकर उनकी भूख एवं प्यास को तृप्त कर अपने भीतर सहृदयता, उदारता, विनम्रता आदि गुणों को सिंचित कर सकारात्मक गतिविधि का हिस्सा बनने का सार्थक प्रयास करें।

# एलएन मेडिकल के छात्रों का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का आगाज



**भोपाल।** कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में एलएन मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव SYANPSE - 2023 का आगाज भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत ढोल-ढमाके और जोरदार आतिशबाजियों के साथ हुई। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे । यह तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 28 अप्रैल तक चलेगा। कॉलेज गेट पर उद्घाटन समारोह के बाद यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में छात्रों द्वारा बाइक स्टंट कर अपना हुनर दिखाया गया। सभी बाइक राइडरों ने नियमों का पालन करते हुए और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट का इस्तेमाल किया। दीन का दूसरा कार्यक्रम कविता वादन (पोएट्री) का था। इसके साथ ही छात्रों ने फन गेम्स और रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया। यूनिवर्सिटी के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। अंत में रात 8 बजे सभागार में ही (गायक अधिरोहा बैंड )सूफी नाईट में सूफ़ी गायकी से समां बांध दिय। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अथिति म. प्र. निजी विश्वविध्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ भरतशरण सिंह अथिति एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौकसे, प्रो. चांसलर डॉ.अनुपम चौकसे, वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, डायरेक्टर डॉ. श्वेता चौकसे, डायरेक्टर पूजाश्री चौकसे, डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता वाइस चान्सलर डॉ. एन के थापक और एलएन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ नलिनी मिश्रा ने सभी छात्रों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# छात्र-छात्राओं ने कई राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों को जाना

**संत हिरदाराम नगर।** क्राईस्ट मेमोरियल हा.से.विद्यालय में सामाजिक विज्ञान की गतिविधि कराई गई, जिसमें विभिन्न राज्यों के व्यंजनों के बारे में कक्षा छटवी के छात्र-छात्रओं ने विभिन्न प्रदेशों के पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया एवं उनके बारे में जानकारी दी। तत्पष्चात षिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने व्यंजनों के स्वाद का आनंद उठाया। इस गतिविधि में सभी छात्र-छात्रओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्राचार्य जी, उपप्रचार्याजी एवं समन्वयिका जी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। एवं विभिन्न राज्यों से जुड़ी ज्ञानवर्धक बातें साझा की। संचालक महोदय डा.मैनिस मैथ्यूज़ द्वारा षिक्षिक श्रीमती पिंकी दादलानी एवं श्रीमती सुचित्रा रायकवार द्वारा किये गये कार्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।



# मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में अभिप्रेरणात्मक सत्र आयोजित

## बच्चे अभिभावक के व्यक्तित्व का दर्पण हैंः सिद्ध भाऊजी

**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन में संचालित शहीद हेमू कालाणी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा प्रतिष्ठित विद्यालय मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के जीवन में आध्यात्मिक रूचि जाग्रत करने हेतु आरती सत्र का आयोजन कक्षा पहली के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों हेतु किया गया।

श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता होना सौभाग्य की बात है तथा इसे वरदान में बदलने हेतु आवश्यक है कि संतान संस्कारित, सुशिष्ट एवं आज्ञाकारी हो, इसके लिए प्रत्येक माता-पिता का उत्तरदायित्व है कि वे अपनी संतान को उस परमात्मा के प्रति आस्थावान बनाकर उसे संसार के सभी प्राणियों के प्रति संवेदनशील बनाएँ। उनके चरित्र निर्माण हेतु घर-परिवार में सकारात्मक एवं सुखद वातावरण प्रदान करें। बाल्यावस्था काल की प्रकृति गहन परीक्षण की होती है। बच्चा अपने घर, परिवार एवं समाज में जिन आदतों व्यवहारों को देखते हैं, समझते हैं उसे अपने स्वभाव में उतार लेते है। माता-पिता अपने बच्चों को भविष्य में जिस स्वरूप में पाना चाहते हैं वह उसका आदर्श रूप स्वयं बनें क्योंकि कि बच्चे अभिभावक के व्यक्तित्व का दर्पण हैं।

इसी तारतम्य में उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व विकास में माँ की महत्त्वपूर्ण भूमिका को बताते हुए कहा कि बच्चा अपना अधिक से अधिक समय माँ की छत्रछाया में बिताता है। अत: माँ अपने शांत व्यवहार, धैर्यशीलता, संवेदनशीलता आदि गुणों को बड़े सहज़ तरीके से अपनी संतान में निरूपित कर सकती है। इसी क्रम में उन्होंने पालकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों में सद्गुणों को विकसित करने हेतु उनमें नियमित रूप से मूक पशु-पक्षियों को प्रात:काल में दाना-पानी देने की आदत को पल्लवित करें। बच्चों के साथ हमेशा स्नेहिल व्यवहार कर उन्हें उनकी गलतियों से समय-समय पर अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि आरती ईश्वर से जोड़ने का सबसे सरल मार्ग है जिसके द्वारा मानव स्वयं के भीतर उस परमसत्ता ईश्वर के गुणों को अनुभव कर सकता है तथा समाज का आदर्श व्यक्तित्व बनकर मानव कल्याण में अपना योगदान दे सकता है।



संस्था के सचिव, श्री ए.सी. साधवानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु उन्हें संस्कार-रोपित शिक्षा प्रदान करना हम अपना संकल्प मानते है। संस्कार ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व की नींव है।

संस्कारित विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करके अपने व्यवहार एवं कुशलता से समाज को नई दिशा देने में सहायक होता है। वह समाज में आदर्श व्यक्ति निर्माण में सहयोग कर समाज के विभिन्न आयामों को सुचारु रूप से संचालित करता है। विद्यालय के प्राचार्य श्री अजय बहादुर सिंह ने समस्त पालकों का आभार व्यक्त करते हुए अभिप्रेरक सत्र द्वारा अपने बच्चों में सदगुणों को विकसित करने की अपील की। इसी श्रृंखला में विद्यालय की कोर्डिनेटर श्रीमती मिनी नायर ने बच्चों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि प्रार्थना में बहुत शक्ति है। निर्मल हृद्य से की गई भक्ति को ईश्वर अवश्य सुनता है। प्रात:काल ईश्वर के समक्ष नतमस्तक होकर नए दिन की शुरूआत के लिए धन्यवाद देते हुए स्वयं एवं घर-परिवार की रक्षा हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें। संध्याकाल नियत समय पर प्रार्थना एवं आरती कर ईश्वर से अपना जुड़ाव बनाते हुए अपने मन की बात उनसे साझा करते हुए आभार व्यक्त करें। कार्यक्रम के अंत में सभी पालकों को आरती की थाली एवं आवश्यक पूजन सामग्री भेंट कर नियमित रूप से ईश्वर की प्रार्थना करने हेतु प्रेरित किया गया। अभिप्रेरक सत्र का कुशल संचालन विद्यालय शिक्षिका श्रीमती नीतू यादव द्वारा किया गया।

### एफपीओ, सब्जी एवं दुग्ध उत्पादक संगठनों के कार्यालयों का किया शुभारंभ

# एफपीओ निश्चित ही किसानों के लिए फायदेमंद होगा: कृषि मंत्री

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने बुधवार को सतना जिले के मैहर में मैहर कृषक उत्पादक संगठन एवं मझगवाँ के ग्राम पगारकलां में गैवीनाथ सब्जी एवं दुग्ध उत्पादक संगठन के कार्यालयों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार एफपीओ से कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सांसद गणेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जन-प्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) द्वारा संबद्ध कृषकों को कृषि के लिये बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। एफपीओ कृषकों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद, दवाई इत्यादि की व्यवस्था करने के साथ उपज की मॉर्केटिंग की व्यवस्था भी करते हैं। प्रदेश में निरंतर एफपीओ का गठन किया जा रहा है। मैहर में गठित एफपीओ निश्चित ही किसानों के लिये फायदेमंद होगा।

कृषि मंत्री ने मझगवां में गैवीनाथ सब्जी एवं दुग्ध उत्पादक संगठन कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कहा कि समूह के गठन से किसानों को मदद मिलेगी। किसानों को सब्जी एवं दूध की तकनीकी जानकारी मिलने से उत्पादन बढ़ेगा। क्षेत्र में पैक्ड दूध, क्रीम, मक्खन, दही, पनीर, कस्टर्ड, फ्रोजन सब्जियों के संबंध में नवीनतम जानकारियाँ मिलेंगी, जिससे किसान अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। कृषि मंत्री पटेल ने किसानों के हित में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से गाँव में रहने वाले लोगों को उनके मकान का मालिकाना हक प्रदान किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना से किसानों को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को खाद एवं बिजली बिलों में बड़े स्तर पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये निरंतर कार्य कर रही है।

### ईपीएस 1995 पेंशन 20 हजार की जाए: इंटक

**भोपाल ।** भारतीय परिवहन कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव, म प्र इंटक उपाध्यक्ष और मध्यप्रदेशट्रांसपोर्ट फेडरेशन इंटक के प्रदेश महासचिव प्रवेश मिश्रा ने ईपीएस 1995 पेंशन धारियों की पीड़ा को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पेंशन को बढ़ाकर 20 हजार रुपए किए जाने की मांग की। वर्तमान में ई.पी.एस.पेंशन धारी न्यूनतम पेंशन 700 रुपये से लेकर 1000 रुपये दी जा रही है। इस कारण देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभिन्न औधोगिक सस्थानों के पेंशन धारी भुखमरी एवं इलाज अभाव में जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। आगे मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के भविष्य निधि संगठन ने ई.पी.एस.पेंशन न्यूनतम1000 रुपये मासिक तय कर रखी है वो भी कई संस्थानों के कर्मचारियों को सरकार एवं भविष्य निधि संगठन की गलती के कारण नहीं मिल पा रही है। जिन राज्य सरकारों एवं संस्थानों ने घाटे के चलते अपना संस्थान बंद करने का निर्णय कर जबरन व्ही.आर.एस.देकर कर्मचारियों को बाहर कर दिया उनमें से हजारों कर्मचारियों नें आर्थिक तंगी के चलते 58 वर्ष की आयु के बजाय 50 वर्ष की आयु उपरान्त पेंशन ले ली त

## मुख्यमंत्री की लंबी आयु के लिए की कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल और साइकिल यात्रा की




भोपाल । राजधानी भोपाल में पुरानी विधान सभा के सामने कुम्हार पूरा के रहने वाले बलवीर शर्मा पुत्र श्री हरिश्चंद्र शर्मा की। जिन्होंने गत वर्ष 31 मार्च 2022 से भोपाल में राजभवन से प्रधान मंत्री निवास नई दिल्ली के लिए एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक मत, विश्व शांति और राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करने और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लंबी आयु के लिए यात्रा आरंभ की थी।

जो 29 अप्रैल तक पूर्ण की थी। उसके बाद चालू वर्ष 1 जनवरी 2023 से जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी के लिए साइकिल से यात्रा आरंभ की थी । जो पंजाब होते हुए कठुआ, पठानकोट, जालंधर, लुधियाना, करनाल, पानीपत, सोनीपत , नई दिल्ली, फरीदाबाद, पलवल, मथुरा, आगरा, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, झांसी, छतरपुर, बागेश्वर धाम, खजुराहो, पन्ना, जबलपुर, नागपुर,हैदराबाद, अनंतपुर, बेंगलुरु, कोलापट्टी, त्रिपल वेल्ली, अंसून, तरुणापुरम, कन्याकुमारी में जाकर 10 मार्च को समाप्त हुई। 15 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में सफदरजंग रोड पर स्थित बंगला नंबर 17 पर ज्योतिदारित्य सिंधिया ने स्वागत किया था। इस यात्रा के दौरान पंजाब सहित रास्ते के शहरों में स्वागत सत्कार भी हुआ। लेकिन जिस व्यक्ति और भावना से यह यात्रा आरंभ की उसका सम्मान ही नहीं किया जा रहा है। वहीं प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आवास पर मिलने के लिए 5 बार पत्र के माध्यम से समय मांगा गया। पर समय नहीं दिया गया। साइकिल और पैदल यात्रा करने वाले बलवीर शर्मा यात्रा आरंभ करने से पहले भोपाल नगर निगम में 25 दिवसीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे । जो यात्रा के दौरान चली गई अब वह बेरोजगार है। मुख्यमंत्री निवास से सकारात्मक जवाब न मिलने से अब आने वाले दिनों में जल्द ही मुख्यमंत्री निवास के सामने उपवास पर बैठने वाले है।

## मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी ने डॉ. अंशुल राय को बाह्य विशेषज्ञ के रूप में नामित किया

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी ने हाल ही में एम्स, भोपाल में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अंशुल राय को एडहॉक बोर्ड ऑफ स्टडीज इन क्लिनिकल डेंटल सब्जेक्ट्स के लिए वाह्य विशेषज्ञ के रूप में नामित किया है । ओरल सर्जरी के क्षेत्र में डॉ. राय की विशेषज्ञता को विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता दी गई है, और अब वे इस विषय के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। क्लिनिकल डेंटल सब्जेक्ट्स में एडहॉक बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक जबलपुर में हुई, जहां नए बाहरी विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राय का स्वागत किया गया । बैठक के दौरान, पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और समिति के सदस्यों द्वारा डॉ. राय की अंतर्दृष्टि को अत्यधिक महत्व दिया गया। ओरल सर्जरी के क्षेत्र में उनका विशाल अनुभव और ज्ञान निस्संदेह विश्वविद्यालय के लिए एक संपत्ति साबित होगा। डॉ. राय ने नामांकन के लिए मध्य प्रदेश चिकित्सा विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया है और अपने कर्तव्यों को पूरी लगन और प्रतिबद्धता से पूरा करने का संकल्प लिया है। उन्हें उम्मीद है कि उनका योगदान क्लिनिकल डेंटल सब्जेक्ट्स के क्षेत्र मं शिक्षा और शोध की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करेगा। मध्य प्रदेश चिकित्सा विश्वविद्यालय हमेशा अपने छात्रों के लिए सर्वोत्तम शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

## एम्स के कार्यपालक निदेशक वार्षिक समारोह सिनैप्स 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

एलएन मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर और जे.के. अस्पताल भोपाल में वार्षिक समारोह सिनैप्स 2023 सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्र के युवाओं को सबसे महत्वपूर्ण बिल्डिंग ब्लॉक के रूप में संबोधित किया । उन्होंने इस तरह के एक प्रभावशाली कार्यक्रम को आयोजित करने में कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की ।इस कार्यक्रम में हैरी पॉटर की थीम पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शन, प्रतियोगिताएं और प्रदर्शन शामिल थे । एलएन मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर और जे.के. अस्पताल ने एक उत्कृष्ट शो पेश किया जिसका सभी ने आनंद लिया । प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने भी छात्रों और फैकल्टी के साथ बातचीत की और हेल्थकेयर शिक्षा और अनुसंधान में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की सराहना की । वार्षिक समारोह सिनैप्स 2023 एलएन मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर और जे.के. अस्पताल के शैक्षणिक कैलेंडर में इस साल के बहुप्रतीक्षित आयोजन के रूप में एक शानदार सफलता थी ।

## दीक्षा लेकर यजमानों ने की शुरूआत, मंत्र उच्चारणों के साथ यज्ञशाला में किया प्रवेश

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजघाट स्थित माँ शारदा देवी मंदिर प्रागण्य में चल रहे विश्व कल्याण हेतु श्री सीताराम नाम जप 1008 कुण्डीय महायज्ञ में बुधवार को 1100 यजमानों ने दिन की शुरूआत गुरू दीक्षा लेकर की सभी 1100 यजमानों द्वारा प्रात: 6 बजे दीक्षा ली गई जहां परम तपस्वी संत आत्मानंददास त्यागी नेपाली बाबा द्वारा सभी यजमानों को मंत्र उच्चारण श्लोकों द्वारा दीक्षा दी गई तत्पश्चात रूद्र अभिषेक किया गया। नर्मदा जी से लाये हुये जल से शिवजी का अभिषेक सभी यजमानों ने किया। दोपहर लगभग 12 बजे रामायण के श्लोकों के साथ आहुतियां दी गईं।

गौरतलब है कि यह में आये सभी यजमानों को यज्ञ शाला प्रागण्य में ही राम नगर, लक्ष्मण नगर, हनुमान नगर में कुटी बनाकर रहने की व्यवस्था की गई है जिसमें सभी यजमान खुद ही अपना सारा काम करते है स्वयं की भोजन बनाते हैं और प्रात: 4 बजे से उठकर आराधना में लग जाते हैं। यज्ञ स्थल पर हजारों श्रद्धालु पुण्य लाभ के लिये आ रहे हैं जिसमें सुरखी विधानसभा के अलावा जिले तथा प्रदेश से श्रद्धालुओं का रोज ही जत्था आ रहा है जिनके भोजन की व्यवस्था यज्ञ समिति द्वारा की गई। हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसादी यज्ञ स्थल पर ही प्राप्त करके जाते हैं इसके अलावा महा यज्ञ में दान करने वालों की भी कमी नहीं है कई श्रद्धालु अन्न दान से लेकर अपनी योग्यतानुसार दान करने के लिये पहुंच रहे हैं। यज्ञ समिति द्वारा सभी यजमान तथा उनके परिजनों के रूकने की व्यवस्था की गई है यजमानों को विशेष रूप से अलग कुटी बनाकर रहने की व्यवस्था यज्ञ समिति द्वारा बनाई गई है। मेला प्रवक्ता राजकुमार बरकोटी ने बताया कि आज से परम तेजस्वी नेपाली बाबा जी के द्वारा बाल्मिकी रामायण पाठ शुरू किया जायेगा जिसमें हजारो श्रद्धालु उपस्थित होंगे। शाम 5:30 बजे तक अग्नि कुंड में 1100 यजमानों ने आहुतियां दीं। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत, अरविंद सिंह टिंकू राजा ने दीक्षा लेकर गुरू जी की पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र पाठक, राजकुमार बरकोटी, कुंवर सिंह ठाकुर, भानू यादव तथा यज्ञ समिति के सदस्यों ने आये हुये यजमानों तथा श्रद्धालुओं कि भोजन प्रसादी की व्यवस्था की।

## जिले में 11 नवीन कृषि साख सहकारी समितियों का होगा गठन

**भोपाल ।** कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में नवीन कृषि साख सहकारी समितियों के गठन पर चर्चा हुई और बैरसिया क्षेत्र में 11 नवीन कृषि सहकारी समिति के बनाए जाने की स्वीकृति दी गई। विधायक विष्णु खत्री ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्था को पत्र लिखकर नई समिति गठन की मांग की थी जिस पर शासन से प्राप्त निर्देश पर कलेक्टर भोपाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में 11 नवीन समितियां चाटाहेडी, तरावली, रमपुरा, दिल्लौद, सिंधोड़ा, खाताखेड़ी, कोलूखेड़ा, बेहरावल, बागसी, परसौरा, अर्रावती, दामखेड़ा, डुंरिया, धतूरिया, तारासेवनिया और कुठार यह समितियां गठित की गई है। इसके पूर्व भोपाल को-ऑपरेटिव सेन्ट्रल बैंक के अंतर्गत उप समितियां कार्यरत है। नवीन कृषि साख सहकारी समिति का गठन कृषकों को बीज, खाद एवं ऋण जैसी अन्य सुविधाओं के लिए किया गया है। बैठक में सदस्य सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी को-ऑपरेटिव सेंट्रल बैंक लिमिटेड समिति सदस्य, उपायुक्त सहकारिता विनोद सिंह, उप संचालक कृषि सुमन प्रसाद, उप संचालक पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग डॉ. अजय रामटेके, उप संचालक उद्यानिकी विभाग श्री कुशवाह, सहायक संचालक मत्स्योद्योग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 700 सहायक प्राध्यापकों, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि हुई समाप्त

**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर गठित परीक्षण समिति ने वर्ष 2019 में नियुक्त 700 सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि समाप्त की गई है। इन्हें दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के बाद सेवा में निरंतर माना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के बाद अब सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों को वार्षिक वेतनवृद्धि सहित अन्य लाभ मिल सकेंगे।

# निलंबित ब्यावरा जनपद सीईओ पर एफआईआर

### मुख्यमंत्री ने खुलेआम रिश्वत लेने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को दिए थे निर्देश

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की नीति के चलते राजगढ़ के कलेक्टर ने ब्यावरा जनपद के हाल ही में निलंबित किए गए सीईओ के खिलाफ पुलिस में बुधवार को एफ आई आर भी दर्ज करवाई है। मुख्यमंत्रीचौहान द्वारा एक शासकीय सेवक के खुलेआम रिश्वत लेने की घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर राजगढ़ को संबंधित के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे।

मुख्यमंत्री ने उक्त अधिकारी के निलंबन की कार्यवाही को पर्याप्त नहीं मानते हुए इस तरह के प्रकरण में उनकी सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अनुरूप सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी है। उल्लेखनीय है कि गत 24 अप्रैल को सरपंच से रिश्वत लेते हुए तथा और भी राशि की मांग करते हुए एक वीडियो वायरल होने के बाद भोपाल संभागायुक्त मालसिंह द्वारा जिला पंचायत राजगढ़ के सी ई ओ के प्रतिवेदन पर जनपद पंचायत ब्यावरा के मुख्य कार्यपालन अधिकार के.के.ओझा को निलंबित किया था। उक्त सी ई ओ द्वारा अनाधिकृत रूप से एक संरपच से पांच हजार रुपए लेते हुए तथा 25,000 रुपए की और माँग किये जाने संबंधी वीडियो वायरल हुआ था। कलेक्टर राजगढ़ हर्ष दीक्षित ने बताया कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि प्रदेश में कही भी किसी भी शासकीय सेवक द्वारा घूस लेने की घटना को पूरी गंभीरता से लेते हुए ऐसे अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज करवाकर उन्हे जेल भेजने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि उक्त अधिकारी के विरुद्ध थाना ब्यावरा में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवेन्द्र दीक्षित ने थाना ब्यावरा में धारा 07 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित अधिनियम 2018 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

निलंबित श्री के.के.ओझा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए साक्ष्य के रूप में सी.डी. और 65 बी भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रमाण पत्र भी संलग्न किया है ।

# 2070 तक भारत दुनिया का युवा देश बना रहेगा : राज्यपाल

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में आत्म-निर्भर भारत के लिए सामाजिक उद्यमिता और कौशल विकास विषय पर की चर्चा

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारत विश्व का भविष्य है। भारत का भविष्य युवा है। वर्ष 2070 तक भारत दुनिया का युवा देश बना रहेगा। दुनिया के श्रम बल की 21 प्रतिशत आबादी 2047 तक भारत में होगी। उन्होंने कहा है कि भविष्य के भारत में आवास, अवसंरचना, भोजन, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक सुरक्षा की जरूरतों एवं मांगों का आकार और मात्रा बहुत विशाल हो जाएगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि अपने कौशल और उद्यमिता के साथ सेवा और उत्पादन के क्षेत्र में बन रहे नए अवसरों का लाभ लेने के लिए आगे आएँ।

राज्यपाल पटेल कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कंवेन्शन सेंटर में आईसेक्ट राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन-सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन आत्म-निर्भर भारत के लिए सामाजिक उद्यमिता और कौशल विकास विषय पर चर्चा के लिए किया गया है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज युवाओं को आकार और पैमाने दोनों लिहाज से कौशल और उद्यमिता विकास के अभूतपूर्व अवसर सरकार उपलब्ध करा रही है। सरकार तेज व्यवसायीकरण को दुनिया भर से पूँजी निवेश सर्वश्रेष्ठ नवाचार परिपाटियाँ लाने और प्रतिबद्ध नीतिगत हस्तक्षेपों के जरिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सबल, समर्थ औश्र समृद्ध, आत्म-निर्भर भारत में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने, नवाचार और उद्यमिता के लिए मजबूत समावेशी परिवेश बनाया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप की वित्तपोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए फन्ड ऑफ फन्ड्स, सीड फंड स्कीम और क्रेडिट गारंटी स्कीम बनाई है।

देश में ज्ञान आधारित डिजिटल अर्थ-व्यवस्था भविष्य की प्रौद्योगिकी में नवाचार लॉजिस्टिक्स रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए नये अवसर निर्मित हुए हैं। हरित हाइड्रोजन मिशन को 20 हजार करोड़ रूपए मिले है। पिछले वर्षों में रक्षा निर्यात 6 गुना बढ़ा है। कृषि बजट भी 1लाख 25 हजार करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। औषधियों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केंद्रों के जरिए नया कार्यक्रम शुरू किया गया है। सरकार, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में कौशल प्रशिक्षण के लिए देश में 30 स्किल इंडिया अंतर्राष्टीय केन्द्र, तीन कृत्रिम मेधा उत्कृष्टता केन्द्र और फाइव जी एप्लीकेशन विकास के लिए 100 प्रयोग शालाएँ खोल रही है।

कुलाधिपति रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय श्री संतोष चौबे ने बताया कि मध्य भारत का पहला कौशल विकास विश्वविद्यालय आईसेक्ट द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह संस्थान का छठा विश्वविद्यालय होगा। उन्होने बताया कि आईसेक्ट सामाजिक उद्यमिता पर आधारित 37 हजार केन्द्रों का 27 राज्यों में संचालन कर रहा है। केन्द्र का मॉडल भारतीय भाषाओं और सोशल कनेक्ट पर आधारित है। उन्होंने बताया कि तकनीक के साथ कृषि के क्षेत्र में भी संस्थान द्वारा पहल की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी कैपिटल गुड्स एसएससी श्रीमती शालिनी सिंह ने कॉन्फ्रेन्स की-नोट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन भारत की डेमोग्राफिक विशिष्टताओं के आधार पर कौशल उन्नयन के द्वारा भारत को आत्म-निर्भर बनाने और निर्यात को बढ़ाने के प्रयासों पर केन्द्रित होना चाहिए। निदेशक आईसेक्ट डॉ. अदिति चतुर्वेदी ने आईसेक्ट की गतिविधियों और प्रकाशित पुस्तकों के संबंध में जानकारी दी। आईसेक्ट के सचिव डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने संगोष्ठी की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन श्रृंखला में किया जा रहा है। इसी तरह की 15 कॉन्फ्रेन्स का आईसेक्ट द्वारा आयोजन किया जाना है।

स म्पा द की य

# मुद्दा भ्रष्टाचार का

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक इन दिनों खासे चर्चा में हैं। उनके द्वारा करण थापर को एक लम्बा इंटरव्यू देकर राजनीति के समंदर में कुछ नयी हलचल पैदा कर दी गई हैं। यह बात और है कि उनके दो बयान खास थे और उन दोनों को ही अन्य मुद्दों से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि ये दोनों ही मुद्दे आज की तारीख में बहुत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। मलिक जब कश्मीर और गोवा के राज्यपाल थे, तब भी उनके वक्तव्यों में मीडिया का ध्यान खींचने लायक काफी मसाला हुआ करता था। और राज्यपाल रहते हुए ही उन्होंने किसान आंदोलन का समर्थन करने का साहस भी दिखाया था।

मलिक के साक्षात्कार में दो अहम मुद्दे निकल कर सामने आए। एक पुलवामा का सच और दूसरा भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार की बात करें तो इस समय राजनीति के इर्द-गिर्द सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बयानों की होड़ चल रही है। पहली नजर में लगता है कि भ्रष्टाचार पर होने वाली यह तल्ख बहस अगर दो-तीन महीने और चल गई तो 2024 के चुनाव का फैसला इसी पर केंद्रित हो जाएगा। कहना न होगा कि भ्रष्टाचार पर पहले भी चुनाव होते रहे हैं, पर इस बार खास बात यह है कि पहली बार सत्तापक्ष द्वारा सारे के सारे विपक्ष पर भ्रष्टाचारी होने का इलजाम लगाया जा रहा है। वरना 1989 में विपक्ष ने ही सरकार पर बोफोर्स सौदे में कमीशन खाने का आरोप लगाया था।

2014 के चुनाव पर तो भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की छाप ही लगी हुई थी। सत्तापक्ष के आक्रमण के जवाब में इस बार विपक्ष के पास अदाणी का मुद्दा है, जिसका सहारा लेकर वह सरकार और प्रधानमंत्री को घेरने में लगा है। विपक्ष को पूरी उम्मीद है कि अदाणी और प्रधानमंत्री के संबंधों का सवाल उठा कर वह बोफोर्स जैसा प्रभाव पैदा कर सकता है। दूसरी तरफ, भ्रष्टाचार पर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप का सबसे संगीन पहलू यह है कि विपक्षी नेताओं के सिर पर केंद्रीय जांच एजेंसियों की तलवार लटक रही है। वे कभी भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं। पूछताछ के लिए बुलाया जाना तो मामूली बात हो गई है।

माना जा रहा है कि घटनाक्रम इसी तरह चलता रहा तो 2024 तक आते-आते ज्यादातर विपक्षी नेता किसी न किसी घोटाले या विवाद में फंसे नजर आएंगे। या तो वे जेल जाने की तैयारी कर रहे होंगे या जमानत पर होंगे। और शायद सत्तापक्ष का प्रयास भी यही है। क्योंकि वह सत्ता में है। उसके पास केवल एजेंसियां ही नहीं हैं, उसके पास बहुत विशाल प्रचार तंत्र भी है। मीडिया के साथ ही सोशल मीडिया भी, और बहुत सारे अन्य तंत्र भी। सो भारी तो वह अभी भी पड़ ही रहा है।

ऐसे उठापटक वाले राजनीतिक माहौल में सतपाल मलिक के इस कथन के खास मायने हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से कोई खास नफरत नहीं है। इसके दो मायने निकाले जा रहे हैं। एक, उन्हें भ्रष्टाचार से घृणा तो है पर उस अरुचि की प्रकृति सामान्य किस्म की है। यानी उनकी नीति जीरो टॉलरेंस की नहीं है। वैसे भी भ्रष्टाचार हमारे सिस्टम में रच-बस सा गया है, सो कोई भी उससे बच नहीं सकता है। और जब हम दूसरों को भ्रष्टाचार में उलझाने की बात करें तो हमारे गिरेबान के अंदर भी झांका जा सकता है, यह हमें नहीं भूलना चाहिए।

सवाल फिलहाल अगले साल होने वाले आम चुनाव का है। और यह भी कि, वह कौन-सा मतदाता है, जो भ्रष्टाचार संबंधी बहस से प्रभावित हो सकता है? देखा जाए तो ऐसे लोग भी हैं, जो किसी पार्टी के प्रति निष्ठा नहीं रखते। इन मतदाताओं की संख्या कम लेकिन कई बार महत्वपूर्ण और निर्णायक हो जाती है। चुनाव यदि कम ध्रुवीकृत होगा, बीच की कगार पर बैठे मतदाता उतने ही ज्यादा होंगे। परंतु, सबसे बड़ा प्रश्न तो यह है कि आखिर वो किसे भ्रष्ट माने? जिन्हें देश की जांच एजेंसियां जेल भेज रही हैं या उन्हें भ्रष्ट मान रही हैं? या उन्हें जो वास्तव में भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में? एक चर्चा यह भी है कि सत्ता में रहकर भ्रष्टाचार सभी करते हैं, उजागर नहीं हो पाता।

कुल मिलाकर दो तरह के भ्रष्टाचार हैं। एक तो जांच एजेंसियों द्वारा प्रमाणित, जो कोर्ट की दहलीज पर हैं। दूसरे, जो सत्ता में बैठकर या उससे जुड़कर किए जा रहे हैं। भ्रष्टाचार तो दोनों ही हैं। दोनों ही गलत। अब यदि सत्ता में बैठकर खुद भ्रष्टाचार किया जाए और केवल विपक्षियों पर निशाना साधा जाए, तो इसे कितने लोग समर्थन देते हैं, इसका जवाब चुनाव में मिल सकता है। वैसे, हमारे भोले भाले मतदाता, जरूरी मुद्दों से बड़ी आसानी से भटका दिए जाते हैं। धर्म, जाति और संप्रदाय के नाम पर। सो भ्रष्टाचार और महंगाई जैसे सबसे जरूरी मुद्दे आम तौर पर पिछड़ जाते हैं। अभी चर्चाओं में हैं, अदालतों में हैं और सोशल मीडिया पर भी। देखते हैं चुनाव आने तक क्या होता है...?

# वीर योद्धा हिरदेशाह जूदेव: 1842 में ही शुरू कर दी थी आजादी की क्रांति



जालम सिंह पटेल

वीर भूमि बुंदेलखंड के जन योद्धा हिरदेशाह जूदेव लोधी ने 1842 में ही दमोह से आजादी की पहली क्रांति की शुरूआत कर दी थी। ब्रिटिश की कंपनी सरकार को इस कदर पानी पिला रखा था कि लंदन में बैठी महारानी विक्टोरिया का सिंहासन हिल गया। इस वीर के साथ इतिहासकारों ने घोर पक्षपात किया, उनको 1842 की इस क्रांति का श्रेय नहीं दिया। राजा हिरदेशाह युद्ध करते हुए 28 अप्रैल 1858 को शहीद हो गए। ऐसे वीर योद्धा को हम प्रणाम करते हैं। आजादी के वर्षों बाद भी उनका नाम, पहचान और परिजन गुमनाम से रहे। पिछली सरकारों ने भी अन्याय की हदें पार कर दीं। राजा हिरदेशाह का आजादी में योगदान दबाकर रखा गया। हमने पक्षपातपूर्ण इतिहास की खामियों को उजागर किया। एक प्रयास था, इस योद्धा को जन-जन तक पहुंचाने का। एक प्रयास यह भी था कि देश के लिए प्राणों की बाजी लगा देने वाले इस वीर योद्धा के परिजनों को योद्धाओं की तरह ही पहचान मिले। उनको अपना हक मिले। अपनी जमीनें मिलें। इस प्रयास में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने हमारा हौसला बढ़ाया। हम मोदी जी की सरकार में आजादी का 75वां अमृत महोत्सव भी मना रहे हैं। मोदी जी की सरकार के पुनीत निर्णय के कारण हम राजा हिरदेशाह जूदेव लोधी के परिजनों को जमीन दिलवा सके। अब उनकी प्रतिमा का भी लोकार्पण कर रहे हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके शौर्य को याद रखें। ऐसे में देश की आजादी की लड़ाई में राजा हिरदेशाह के बलिदान को याद करना समीचीन होगा।

राजा हिरदेशाह प्रमुख नायक थे। यह विद्रोह कंपनी सरकार ने दबा दिया, लेकिन 1857 के युद्ध में हिरदेशाह ने पुन: बलिदानी भूमिका निभाई। इस बार उनका पूरा परिवार शहीद हो गया था। अंग्रेजों के विरुद्ध 1842 के विद्रोह एवं 1857 के समर में राजा हिरदेशाह का साथ उनकी बिरादरी के अन्य लोधी राजाओं, तालुकेदारों, जागीरदारों और प्रजाजनों तथा गोंड राजाओं और उनकी प्रजा ने दिया था। ब्रिटिश दस्तावेज राजा हिरदेशाह को 1842 के विद्रोह एवं 1857 की क्रांति का प्रमुख दोषी मानते हैं।

अब राजा हिरदेशाह पर बात हो रही है तो और गहराई में चलते हैं। हिरदेशाह के पूर्वज राजा ईश्वरदास महोबा के राजा परमाल के अनन्य सहयोगी थे। एक बार वीर आल्हा-ऊदल की अनुपस्थिति में जब पृथ्वीराज चौहान ने महोबा पर आक्रमण किया तो ईश्वरदास ने अपने दो पुत्रों को सेना सहित राजा परमाल की मदद करने भेज दिया। इस युद्ध में पृथ्वीराज चौहान पराजित हो गए थे। इस युद्ध में राजा ईश्वरदास लोधी के एक पुत्र को जान गंवानी पड़ी थी। 11वीं शताब्दी में भारत में अंदरूनी युद्ध के अलावा विदेशी मुस्लिम आक्रमण भी तेज हो गए थे। उस दौर में बुंदेलखंड-महाकोशल प्रांत के रणशील और ताकतवर जनसमुदायों को वर्णव्यवस्था में समाहित कर क्षत्रिय बनाया जा रहा था। नव क्षत्रियों में लोधी, गोंड, अहीर, खंगार आदि थे। गोंड मुगल काल में राजपूत का दर्जा प्राप्त कर चुके थे। इस दुष्प्रभाव यह हुआ कि गोंड राजा ने अपनी संस्कृति का त्याग कर अपनी प्रजा से दूरी बना ली। ऐसे में प्रजा ने युद्ध में राजा का साथ नहीं दिया। नतीजतन गोंडवाना राज्य बिखर गया। लोधियों को क्षत्रिय वर्ण में समाहित करने के लिए कुछ नए पुराण लिखे गए। इस तरह लोधियों को चंद्रवंशी क्षत्रिय सिद्ध किया गया। चारण वृत्ति के लेखकों ने देश के लिए मर मिटने वाले जनसमुदायों को इतिहास में कोई स्थान नहीं दिया। राजा हिरदेशाह लोधी और उनका पूरा परिवार ऐसे ही महा बलिदानी योद्धाओं में से हैं।



राजा हिरदेशाह जूदेव के नेतृत्व में कंपनी सरकार के ठिकानों पर आक्रमण किया गया। जुगपुरा चौकी पर अधिकार कर लिया और अंग्रोजों को मार भगाया। इससे बौखलाए कैप्टन ब्राउन के नेतृत्व में अंग्रेजी सेना ने हीरागढ़ पर चढ़ाई कर दी। विद्रोही सेना ने नगर खाली कर दिया। अंग्रेजी सेना ने हीरागढ़ को ध्वस्त कर दिया। हीरागढ़ के ध्वस्त होने के बाद से हीरागढ़ को हीरापुर कहा जाने लगा। राजा हिरदेशाह विद्रोही सेना के साथ तेजगढ़ पहुंचे। तेजगढ़ में राजा हिरदेशाह के पूर्वजों का ही राज था। अब उनके वंश के एक लोधी जागीरदार की जागीर थी, उसने विद्रोही सेना का स्वागत किया और हर प्रकार का सहयोग किया। राजा हिरदेशाह ने नरसिंहपुर पर घेरा डाल दिया और अंग्रेजों को वहां से मार भगाया। दमोह, जबलपुर और नरसिंहपुर के बहुत से भाग अधिकार में कर लिए। विद्रोही सेना आगे बढ़ती गई और जनपद सागर के मुख्यालय को घेर लिया। अंग्रेजों को परास्त कर सागर को मुक्त कराया। जबलपुर अंग्रेजों का गढ़ था, वहां उनकी भारी सेना जमा थी। राजा हिरदेशाह उससे बचकर विद्रोही सेना को एक तरफ से निकाल कर आगे बढ़ गए। विद्रोही सेना ने नर्मदा नदी को पार किया, वहां के किसानों ने उनका साथ दिया। विद्रोहियों ने ढूंढ-ढूंढकर कंपनी सरकार के अधिकारियों को परास्त कर वहां से निकाला। वे नगर-गांव अंग्रेजों से खाली कराते चले गए। राजा हिरदेशाह का नाम सुनकर गोरे कांपने लगे थे।

यानी 1857 के स्वाधीनता संग्राम से 15 वर्ष पहले यानी 1842 में ही वीरभूमि बुंदेलखंड और महाकोशल में अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति का बिगुल बज गया था। ये क्रांति 1843 तक जारी रही। यह कंपनी सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रथम संघर्षपूर्ण प्रयास था। इसके अग्रणी नेता नरसिंहपुर जिले के हीरापुर के राजा हिरदेशाह जूदेव ही थे। उस दौर में राजा अपनी जाति के मुखिया भी हुआ करते थे। उनमें जातीय एकता थी, इसलिए राजा हिरदेशाह के आह्वान पर समूचे बुंदेलखंड के लोधी राजा, जागीरदार, मालगुजार और तालुकेदार और किसान विद्रोह में शामिल हो गए थे। इस संग्राम में बुंदेला ठाकुर और गौंड जाति के राजा जागीरदार व जमींदारों ने भी साथ दिया था। ब्रिटिश सत्ता के प्रति लोधियों के विरोध की यह विरासत 1857 में और ज्यादा मुखर हुई और इसकी अगुआई रामगढ़ की रानी अवन्तिबाई ने की थी। गवर्नर जनरल लार्ड एलनबरो और ब्रिटिश सेना अध्यक्ष दोनों ही घबरा उठे। जब लंबे समय तक विद्रोही न पकड़े जा सके तो होशंगाबाद के कैप्टन वोलैंड ने सागर के कमिश्नर को सुझाव दिया कि क्षमादान और आत्मसमर्पण की प्रक्रिया अपनाई जा। विद्रोहियों पर दबाव बढ़ाने के लिए इलाहाबाद, बनारस, नागपुर, झांसी, कानपुर और इटावा से सहायता के लिए फौजें मंगवाई। मेजर स्लीमन को फौज की कमान सौंपी गई। होलकर, दतिया, झांसी, बिजनौर, पन्ना, छतरपुर, चरखारी, शाहगढ़ और रीवा के राजाओं से विद्रोहियों को पकड़वाने के लिए सहायता मांगी। भारी पुरस्कार देने की घोषणा की गई। विद्रोहियों में फूट डालने का प्रयत्न किया गया। इस घोषणा के प्रसार से विद्रोहियों का उत्साह ढीला हो गया। शाहगढ़ के राजा बखतबली बुंदेला ने लोधी राजा हिरदेशाह जूदेव को 1842 में एक बार पकड़वा दिया। राजा हिरदेशाह को चुनार दुर्ग में कैद कर बड़ी यातनाएं दी गईं। इनके पकड़े जाने से विद्रोही मुहिम को गहरी क्षति पहुंची। राजा हिरदेशाह के साथ उनका पूरा परिवार भी बंदी बनाया गया था। इसके बावजूद जो आग राजा हिरदेशाह जूदेव ने बुंदेलखंड में प्रज्ज्वलित की थी, अंदर ही अंदर सुलगती रही। सन 1857 में भयंकर विस्फोट के रूप में फूट पड़ी। राजा हिरदेशाह जूदेव को 1843 में इस शर्त के साथ रिहा कर दिया गया कि वे आगे विद्रोह नहीं करेंगे, लेकिन आजादी पसंद हिरदेशाह को कोई भी शर्त स्वीकार नहीं थी, इसलिए 1857-58 के संग्राम में उनका पूरा परिवार समस्त सैन्यबल के साथ दोबारा अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध में डट गया। इस समर में राजा हिरदेशाह जूदेव और उनका पूरा परिवार पुन: अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह में शामिल हो गया। उनके भाई सावंत सिंह 1857 के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए और दूसरे भाई गजराज सिंह भी अंग्रेजों से युद्ध करते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। 1858 के मध्य में उन्हें फांसी दे दी गई। 28 अप्रैल 1858 को राजा हिरदेशाह भी वीरगति को प्राप्त हो गए। राजा हिरदेशाह के पुत्र मेहरबान सिंह 1857 में अंग्रेजों से युद्ध करते हुए शहीद हो गए थे। इस प्रकार हीरापुर के लोधी राजवंश की पीढ़ियों ने 1841 से 1858 तक संघर्ष किया। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में इस परिवार का अद्वितीय स्थान है।

इससे भी पहले की बात करें तो दमोह के अभाना के दीवान बहादुर सिंह और उनके चचेरे भाई हटरी के राजा मधुकर शाह की बात आती है। दोनों के बीच जंग 1841 में हो गई थी। इससे नाराज बहादुर सिंह ने अपनी सेवाएं ब्रिटिश सरकार को सौंप दीं। हालांकि, इसके बाद उनका हृदय परिवर्तन हो गया और अंग्रेजों का खुलकर विरोध करने लगे। अंग्रेज सरकार ने अपना कर्मचारी अभाना भेजा। बहादुर सिंह झुकने को राजी नहीं हुए तो अंग्रेजों के कर्मचारी और सैनिकों ने बहादुर सिंह के नाई को बंधक बना लिया। बहादुर सिंह डरे नहीं। वे अपने 13 समर्थकों के साथ नाई को छुड़ाकर ले गए। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ भी जंग का ऐलान कर दिया। इस तरह दमोह का अभाना गांव स्वतंत्रता की पहली क्रांति की पुण्य भूमि बन गया।

बहादुर के विद्रोह से जबलपुर में कैप्टन चार्ल्स ब्राउन चौकन्ना हो गया। उसने बहादुर सिंह को बुलवाने अपना आदमी भेजा, लेकिन वह नहीं गए। इसके बाद का घटनाक्रम अंग्रेजों के लिए बड़ी चुनौती बन गया। बहादुर ने अपने समर्थकों के साथ दिनारी में अंग्रेजों के खास खुमान चौधरी के घर लूटपाट कर दी। इससे अंग्रेजी सेना आगबबूला हो गई। दमोह का तहसीलदार 60 सैनिकों को साथ लेकर अभाना गया। उसने विद्रोहियों पर मोहरा मझंगाव के पास आक्रमण करा दिया। इसमें 20 क्रांतिकारी मारे गए। इसके बाद ब्रिटिश सरकार ने विद्रोहियों पर लगभग 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया। इनाम के लालच में हीरापुर के राजा हिरदेशाह को पूरे परिवार के साथ उप्र के चुनार भेज दिया गया। इधर, बहादुर सिंह और उनके समर्थक को जबलपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। जबलपुर के कैप्टन ब्राउन ने बहादुर सिंह को कड़े दंड देने की सिफारिश की थी। जनवरी 1843 तक सभी विद्रोहियों को पकड़कर लिया गया गया। इस तरह बहादुर सिंह ने अंग्रेजों की चूलें हिलाकर रख दीं। दमोह को अंग्रेजों ने अपनी छावनी में बना दिया। बुंदेलखंड में विद्रोह के बाद ही आजादी की क्रांति की आग भड़की थी।

**( लेखक नरसिंहपुर विधायक और लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। )**

# राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी: संघ का संघर्ष और सत्ता का मुकाम

**अरविंद तिवारी**



मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता बहुत बढ़ गई है। संघ प्रमुख मोहन भागवत तो लगातार प्रदेश का दौरा कर ही रहे हैं। संघ से जुड़े तीन और दिग्गज शिवप्रकाश जायसवाल, अजय जामवाल और मुरलीधर राव भी रात-दिन एक किए हुए हैं।

इस बढ़ी हुई सक्रियता का कारण यह है कि पिछले दिनों संघ ने जो सर्वे करवाया, उसमें मध्यप्रदेश में सत्ता हाथ से जाने के संकेत मिले हैं। इसका कारण भारी भ्रष्टाचार, नौकरशाही का हावी होना, मंत्री, विधायक और पार्टी के जिम्मेदार लोगों का नौकरशाहों के साथ गठबंधन तथा कार्यकर्ताओं में निराश्य भाव बताया जा रहा है। देखते हैं मददगार की भूमिका में आने के बाद संघ का संघर्ष भाजपा को सत्ता का मुकाम दिलवा पाता है या नहीं?

**ऊपर नीचे होने लगी है दिग्गजों की सांसें**

विधानसभा चुनाव में फिर किस्मत आजमाने की बाट जोह रहे भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों की सांसें ऊपर नीचे होने लगी है। ये वे दिग्गज हैं जो दोनों दलों में अहम भूमिका में हैं और ये मानकर चल रहे हैं कि उनकी ही पार्टी को सत्ता में आने का मौका मिलेगा। परेशानी दूसरी है, मंत्री रहते हुए या विपक्ष में बड़ी भूमिका निभाते हुए ये नेता जमीन से कटने लगे थे, और अपने विधानसभा क्षेत्र में इनका आधार दरक गया है।

अब जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, विधानसभा क्षेत्रों में इन नेताओं की सक्रियता बढ़ती जा रही है। मुक्तहस्त से खर्च करने के साथ ही सुख-दुःख में सहभागी बनने लगे हैं और उन लोगों के यहां दस्तक दे रहे हैं, जो इनकी हार-जीत में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**शिवराज की रणनीति और भाजपा का वार रूम!**

विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की टीम ने तो मंत्री भूपेन्द्र सिंह के निवास पर मैदान संभाल लिया है। यह टीम इलेक्शन स्ट्रेटजी पर काम शुरू कर चुकी है और इसमें मुख्य भूमिका इंदौर के निशित शरण निभा रहे हैं। शरण पहले भी भाजपा के मुख्य रणनीतिकार रहे हैं।



सवाल यह उठ रहा है कि आखिर भाजपा का वार रूम कब शुरू होगा? ठीक वैसा ही वार रूम जो 2003 के चुनाव के डेढ़ साल पहले अनिल दवे की अगुवाई में शुरू हुआ था और तब से लेकर अभी तक के हर विधानसभा चुनाव के सालभर पहले काम करना शुरू कर देता है। वैसे वार रूम के विशेषज्ञ माने जाने वाले दोनों दिग्गज अनिल दवे और विजेश लुणावत अब इस दुनिया में नहीं हैं।

**कहें कुछ भी पर नेता तो कमलनाथ को मान ही लिया है**



दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया और अजय सिंह भले ही अलग-अलग जगह, अलग-अलग बात कहें, पर सबने यह तो मान ही लिया है कि मध्यप्रदेश में उनके नेता कमलनाथ ही हैं। यही कारण है कि जो कमलनाथ कहते हैं, उसे अन्त में सब मान ही लेते हैं।

पिछले दिनों क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपने के उनके फैसले को इसी के चलते सबने चुपचाप स्वीकार कर लिया। दरअसल मैदानी सक्रियता के अलावा चुनाव में एक बड़ा मुद्दा वित्तीय प्रबंध और मैनेजमेंट का है और इस मामले में सबकी निर्भरता कमलनाथ पर ही है। यह काम आसान नहीं है और इसी मोर्चे पर मजबूती ने कमलनाथ को मजबूत कर रखा है।

**पटरी से उतरी नेताजी की हवाई ट्रेन**

तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेन इंदौर और रीवा के बीच चलाने की कोई अधिकृत घोषणा नहीं की पर इंदौर से लेकर रीवा तक नेताओं ने हवा-हवा में यह ट्रेन दौड़ा दी। इन नेताओं में इंदौर के बेहद उत्साही सांसद शंकर लालवानी भी शामिल हैं। अब इस मुद्दे पर लालवानी और रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा की खूब किरकिरी हो रही और रेलवे के अधिकारी जवाब देते-देते थक गए कि अभी यह ट्रेन चलाने की कोई तारीख नहीं आई है। बता दें कि वंदे भारत ट्रेन पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। अब इस मामले में की गई हवा-हवाई पर ऊपर की नाराजगी का शिकार किसे कितना होना पड़ता हैं यह तो समय ही बताएगा।

**बुंदेलखंड के 1 जिले में कलेक्टर विधायक की जुगलबंदी**

किसी जिले में नेता और अफसर की जुगलबंदी हो जाए तो दोनों की ही बल्ले-बल्ले। बुंदेलखंड के एक जिले में इसका उदाहरण भी देखने को मिल रहा है। यहां एक विधायक और कलेक्टर की जमकर पट रही है और इतनी पट रही है कि दोनों मिलकर एक संयुक्त उपक्रम की स्थापना करने जा रहे हैं। यह उपक्रम एक होटल की शक्ल में होगा और जल्दी ही आकार ले लेगा। जुगलबंदी वाले विधायक और कलेक्टर यहीं नहीं रुकने वाले हैं, ये आगे भी मिलकर ही काम करेंगे। अब इनकी जुगलबंदी के कारण किसी को परेशान होना पड़े तो उसका हम क्या कर सकते हैं।

**पहले ही दौरे में हो गया राघवेन्द्र गौतम के दबदबे का अहसास**

काम के बोझ में दबे होने के कारण भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी इंदौर संभाग का प्रभारी होने की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहे थे। इसका असर इंदौर संभाग के जिलों के कामकाज में देखने को मिल रहा था और कुछ जिलाध्यक्ष स्वच्छंद हो गए थे। अब यह भूमिका राघवेन्द्र गौतम को दे दी गई है, जो संघ के प्रियपात्र होने के साथ ही वीडी शर्मा और हितानंद के भी खासमखास हैं। उनके दबदबे का अहसास इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब वे पहली बार इंदौर आए तो इंदौर भाजपा के सारे दिग्गज उनकी अगवानी में पलक पावड़े बिछाकर खड़े थे। वैसे गौतम स्वच्छंदता को पसंद नहीं करते हैं और नकेल कसने में भी पीछे नहीं रहते हैं।

**चलते-चलते**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की भाव-भंगिमा ने इन दिनों कई चर्चाओं को जन्म दे रखा है। मुख्यमंत्री से मिलने वाले यह कहते सुने जा रहे हैं कि शिवराज तो ऐसे नहीं थे। हमेशा लोगों से गर्मजोशी से मिलने और आत्मिक संवाद करने वाले मुख्यमंत्री इन दिनों गुमसुम से रहते हैं। उनसे मिलने वाले मंत्री, सांसद और विधायक भी समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

**पुछल्ला**

मध्यप्रदेश दुग्ध संघ के एक अफसर अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी उसी अंदाज में काम कर रहे हैं, आखिर ऐसा क्यों? दरअसल विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा इस अफसर पर बहुत मेहरबान हैं। यही कारण है कि दस्तावेजों पर सबकुछ सामने आने के बाद भी बामरा उक्त अफसर को बचा रहे हैं और यह उन्हीं का प्रताप है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी दागी अफसर की हैसियत बरकरार है।

**अब बात मीडिया की**

ख्यात टीवी पत्रकार रजत शर्मा ने इंदौर में भास्कर उत्सव के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जिस अंदाज में डॉ. भरत अग्रवाल का उल्लेख किया, वह भास्कर समूह में डॉ. अग्रवाल के दबदबे और देश के बड़े पत्रकारों से उनके संबंधों का अहसास करवाता है।

आखिरकार नवीन यादव नहीं माने और नईदुनिया को अलविदा कह ही दिया। स्टेट एडीटर सद्गुरुशरण ने उन्हें रोकने की पूरी कोशिश की थी। नवीन ने नईदुनिया से मुक्ति पाने के पहले बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने संस्थान के वाट्सएप ग्रुप पर जो विदाई पत्र लिखा, वह कइयों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। यह पत्र इन दिनों जागरण नईदुनिया समूह में हलचल मचाए हुए है।

दैनिक भास्कर में आशुतोष मिश्रा गिरीश अग्रवाल की कोर टीम का हिस्सा हो गए हैं। वे गिरीश जी से जुड़ी अखबारी जिम्मेदारियों के निर्वहन में देशभर में सक्रिय रहेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र जैन का डिजिटल प्लेटफॉर्म सबकी खबर दिन-ब-दिन लोकप्रिय होता जा रहा है। बहुत कम समय में इसे एक नया मुकाम हासिल हुआ है।

युवा पत्रकार स्वतंत्र शुक्ला अब भास्कर डिजिटल टीम का हिस्सा हो गए हैं। वे पहले डिजियाना न्यूज में प्रशिक्षु पत्रकार थे और बाद में ईटीवी में सेवाएं दे रहे थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## कांग्रेस को बाय-बाय भाजपा के हुए वरिष्ठ नेता शिवहरे



शाजापुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शिवहरे ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर पार्टी के जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी, जिला कार्यालय मंत्री विपुल कसेरा, ने भाजपा का दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री शिवहरे ने कहा वर्षों कांग्रेस में रहकर बुथ स्तर से कार्य किया लेकिन अब कांग्रेस प्रायवेट लिमिटेड पार्टी बन गई है कोई सुनवाई करने वाले नहीं हैं मेरा दम घुटने लगा था भाजपा राष्ट्रीय विचारधारा के साथ कार्य कर रही है तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती आज भाजपा की सदस्यता लेकर मूझे जनता की सेवा करने का अवसर मिलेगा,,,

## 28 अप्रैल को होगा बुंदेली दमोह महोत्सव का भव्य शुभारंभ




दमोह। बुंदेली गौरव न्यास द्वारा 28 अप्रैल से 7 मई तक आयोजित किए जा रहे बुंदेली दमोह महोत्सव की आयोजन समिति द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन महोत्सव परिसर तहसील ग्राउंड में किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष अंबालाल पटेल, उपाध्यक्ष रघुनंदनक चिले, विवेक शेंडये, सिद्धार्थ मलैया, कैप्टन वाधवा, सचिव प्रभात सेठ कोषाध्यक्ष कैलाश शेलार, एवं अन्य समिति सदस्यों की उपस्थिति रही तथा आयोजन समिति द्वारा विस्तार से 10 दिवसीय महोत्सव में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गई।

## एसपी ने शुरू कराई अनूठी यातायात पाठशाला

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए एक नये प्रयास की शुरूआत की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात थाने पर यातायात पाठशाला का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसका उद्देश्य यातायात नियमों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर यातायात नियमों का पालन कराना है जिससे सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। आज यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहन चालकों को थाना यातायात पर लाकर उन्हें यातायात पाठशाला में यातायात नियमों से संबंधित फिल्म दिखाई गई तथा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा सभी को हेलमेट, सीटबेल्ट, ट्रेफिक सिंग्नल, लाईसेंस की अनिवार्यता आदि यातायात नियमों को बारीकी से समझाते हुये इन नियमों को ना मानने पर आमजन के जीवन पर पडने़ वाले खतरों से भी अवगत कराया गया, बाद उन्हें यातायात नियमों से संबंधित एक प्रश्न पत्र हल करने के लिए दिया, जिसमें 25 प्रश्न पूछे गये। प्रश्नों का उद्देश्य था कि वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में कितनी जानकारी है एवं उन्हें यातायात नियमों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देना था।

## सीएम स्वेच्छा अनुदान में 2.50 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 2.50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पर्वत सिंह पिता जगदीश सिंह बुंदेला निवासी ग्राम दलीपुर बमनोरा को 35, यादवेंद्र सिंह आ. मूरत सिंह निवासी ग्राम भैरा को 40 हजार, गुलाब पिता पूरन निवासी ग्राम दलपतपुरा को 45 हजार, सियाराम तिवारी पिता राजा भैया निवासी ग्राम रतनपारा कटहरा को 30 हजार और प्रमोद कुमार पिता किशोरलाल जैन निवासी ईशानगर चौराहा नौगांव को 1 लाख रुपए की सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है।

## 4 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी ने 4 फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी हरि जाटव निवासी छुई खदान एवं वरूण उर्फ मनीराम शर्मा पिता मेवालाल शर्मा निवासी चौबे कॉलोनी छतरपुर थाना सिविल लाइन पर 3-3 हजार और रामराजा उर्फ इन्द्रपाल यादव पिता मुकेश यादव निवासी सटई तथा नरेश मिश्रा पिता शिवराम निवासी राजनगर पर 5-5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। अपराध घटित करने के बाद से फरार है।

## फरार आरोपी की सूचना देने पर 20 हजार का इनाम घोषित

छतरपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ने फरार आरोपी को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में पूर्व से घोषित नगद पुरस्कार में वृद्धि की है। फरार आरोपी जफ्फू उर्फ जाफिर पिता जुम्मन खान निवासी बड़ी कुंजरहटी छतरपुर थाना कोतवाली की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये से वृद्धि करते हुये 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

## जिले के 100 आंगनवाड़ी केन्द्र प्री-प्राइमरी स्कूल के रूप में होगें विकसित

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. की पहल पर आंगनवाड़ियों को शैक्षणिक रूप से मजबूत करने एवं बच्चों को मिलने वाली प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे अनूठे नवाचार से जिले की 100 आंगनवाडी केन्द्रों को की-एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से प्री प्राइमरी स्कूल के रूप में विकसित किया जाना है जिसकी कलेक्टर श्री जीआर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के सीडीपीओ, पर्यवेक्षक एवं उक्त केन्द्रों की कार्यकर्ता तथा की एजुकेशन फाउंडेशन की जिला स्तरीय टीम उपस्थित रही। साथ ही कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में वर्ष 2022-23 में हितग्राहीमूलक योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा की गयी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अभी से ही लक्ष्य आधारित कार्य किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। उन्होंने पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए जिले से कुपोषण समाप्त करने हेतु खान-पान की आदतों में बदलाव लाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये।

## मानसिक रूप से प्रताणित कर आत्महत्या को उकसाने वाले आरोपी गिरफ्तार, दमोह देहात पुलिस की कार्रवाई

दमोह। दमोह विगत दिवस जबलपुर नाना पुलिस सहायता केंद्र अन्तर्गत एक युवक की जहर पी ने से मृत्यु हो गई थी जिसको मानसिक रूप से प्रताणित कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों को दमोह देहात पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार दिनाँक 15.04.2023 को लोकेश पिता श्यामसुन्दर पटेरिया निवासी शक्तिनगर जबलपुर नाका दमोह ने अपने घर पर करीब 02.00 बजे दिन जहर पी लिया और अपने पिता के कमरे में पहुंचा और बोला कि अब मुझे विदा दीजिए उसके मुंह से झाग व उल्टी आ रही थी और अपने पिता को बतलाया कि हमने टिंकल सच्चू और राहुल द्वारा परेशान करने के कारण जहर पी लिया है लोकेश को उसके पिता श्यामसुन्दर, अखिलेश तिवारी और दीपक पटेरिया ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जो लोकेश पटेल की जिला अस्पताल दमोह में मृत्यु हो गयी। रिपोर्ट पर थाना दमोह देहात में मर्ग क्र 49/2023 धारा 174 जा. फौ. कायम कर जांच में लिया गया। मृतक की शव पंचनामा कार्यवाही एवं पी. एम कराया गया। घटना स्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए गये। मृतक की पी.



एम. रिपोर्ट प्राप्त कर अवलोकन किया तथा मृतक के पिता श्यामसुन्दर पटेरिया,भाई दीपक पटेरिया एवं अखिलेश तिवारी के कथन लेख किये गये। मर्ग की संपूर्ण जाँच पर आरोपी टिंकल उर्फ साहिल विरमानी, राहुल जाट व सचिन सोनी द्वारा मृतक लोकेश को ब्याज पर उधार पैसे देना व पैसा वापसी के लिये दबाब बनाकर प्रताड़ित कर गंदी गंदी गालिया व जान से मारने की धमकी फोन पर देना व मारपीट करना पाया गया जो अपराध क्र. 256 / 2023 धारा 294,323,506,306,34 ता. हि. म.प्र ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 3/4 आरोपी टिंकल उर्फ साहिल विरमानी, राहुल जाट एवं सचिन सोनी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह प्रकरण की विवेचना प्रारम्भ कर आरोपीगणों की तलाश की गई जो दिनाँक 25.04.2023 को आरोपी टिंकल उर्फ शाहिल विरमानी पिता हरीश विरमानी उम्र 32 साल निवासी शिवनगर दमोह, सचिन सोनी पिता किशुलाल सोनी उम्र 28 साल निवासी हटा के दस्तयाव हुए जिनसे पूंछताछ करने पर आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर दिनाँक 26.04.2023 को माननीय न्यायालय जे. आर. पर पेश किया जा रहा है। प्रकरण में आरोपी गिरफ्तारी होना शेष है। जिसकी तलाश जारी है। राहुल जाट

आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक सतेन्द्र सिंह राजपूत, उन आर ए पाण्डेय प्रभारी पुलिस सहायता केन्द्र जबलपुरनाका, प्र. आर 313 कृष्णकुमार, आर. 732 बृजेन्द्र, आर. 500 आसिफ रहीश आर. चालक 590 रविन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आत्मनिर्भर बनो और आगे बढ़ो, यह दुनिया तुम्हारी है: सिंधिया

### स्व सहायता समूह की महिलाओं को किया संबोधित

शिवपुरी - महिलाएं आज किसी से कम नहीं है महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आत्मनिर्भर बनो और आगे बढ़ो। यह दुनिया तुम्हारी है। यह महिलाओं का समय है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में स्वाबलंबी हो रही है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं सहायता समूह की जिला स्तरीय साधारण सभा की बैठक कमला हेरिटेज होटल में आयोजित की गई थी। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने तीन बैंक सखियों कविता धाकड़, बती आदिवासी, सपना आदिवासी को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की। उन्होंने स्कूटी की चाबी सौंपते हुए कहा कि अब अपने काम के लिए इसी स्कूटी से जाना शुरू करो। आगे भी जो समूह अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें स्कूटी दी जाएगी। इसके अलावा आज लोगों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। किसी दुर्घटना में या अन्य किसी कारणवश मृत्यु होने पर संबंधित व्यक्ति के परिजन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। इस कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। वहीं नेशनल पार्क में टाइगर आ जाने की वजह से पार्क के अधिकारियों एवं बलारपुर मंदिर प्रबंधन के के बीच विवाद चल रहा है।पार्क के अधिकारियों ने मंदिर के श्रद्धालुओं की समस्त गतिविधियों पर रोक लगा दी है।मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने इस विवाद को देखते हुए नेशनल पार्क के अधिकारियों और मंदिर के पुजारियों के साथ बैठक की और कहा कि मंदिर और नेशनल पार्क प्रबंधन दोनों आपसी समन्वय से निर्णय लें जिससे इस प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित ना हो। उन्होंने कहा कि यह मंदिर लंबे समय से लोगों की आस्था का केंद्र है, इसलिए बेहतर विकल्प पर विचार किया जाएगा।

## अन्न उत्सव में राशन वितरण न करने पर एसडीएम बेरसिया ने की दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाही

**बैरसिया।।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की प्रत्येक दुकान पर प्रतिमाह अन्न उत्सव मनाया जाना है एवं अन्न उत्सव के दौरान प्रत्येक दुकान से न्यूनतम 25त्न परिवारों को राशन वितरण किया जाना है द्य किंतु जनपद बेरसिया की पंचायत महोली, धमर्रा, करोंदिया, जेतपुरा, ललरिया, नजीराबाद, खताखेड़ी, बेहरावल, सुनगा, अमरपुर, तरावली खुर्द, पिपलिया हसनाबाद, बिरहा श्याम खेड़ी, कुल्होर, लंगरपुर, बर्रीछीर खेड़ा, इमलिया नरेंद्र, ललोई, खंडारिया की शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अन्न उत्सव के दौरान राशन का वितरण नही किया द्य इस संबंध में उपरोक्त दुकानों के विक्रेताओं को अनुविभागीय अधिकारी बेरसिया के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर सभी विक्रेताओं से 5000 रुपये की प्रतिभूति राशि राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

### तालाबों से पंप आदि से पानी निकालना प्रतिबंधित

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट छतरपुर संदीप जी.आर. द्वारा विभिन्न जल स्त्रोतों से ज्ञात होने पर वर्तमान में भू-जल स्तर निरंतर गिर रहा है तथा जिले के कई थानों पर जलाभाव की समस्या आसन्न हो सकती है। जल संरक्षण के परिप्रेक्ष्य में जिला छतरपुर के रामस्त तालाबों से मोटर पंप, टिल्लू पर लगाकर या अन्य तरीके से तालाब से सिंचाई कार्य को म.प्र. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिले की सीमाओं अंतर्गत समस्त तालाबों द्वारा किये जा रहे सिंचाई कार्य को प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश एक पक्षीय रूप से जारी किया गया है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत अब तक 2 लाख से अधिक महिलाओं के भरे गए ऑनलाइन आवेदन

रायसेन।..प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति महिलाएं बेहद उत्साहित है। लाड़ली बहना योजना अंतर्गत रायसेन जिले में 26 अप्रैल को शाम 05 बजे तक 224632 महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने बताया कि जिले में गॉवों तथा नगरों के वार्डो में कैम्प लगाकर महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। साथ ही डोर टू डोर जाकर भी ऑनलाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। जिले में लाड़ली बहना योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री दुबे बेहद संवेदनशील तथा गंभीर है। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा प्रतिदिन योजना की कार्यप्रगति की समीक्षा की जा रही है तथा कैम्पों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। साथ ही जिला अधिकारियों द्वारा भी उन्हें सौंपे गए सेक्टर अंतर्गत आने वाले ग्रामों तथा नगरों का निरीक्षण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 23 से 60 वर्ष तक की ऐसे परिवार जो आयकर दाता नहीं है, परिवार में 5 एकड़ से कम भूमि है और घर में चार पहिया वाहन नहीं है, उन परिवारों की महिलाओं को योजना में पात्र माना गया है। इन सभी बहनों के पंजीयन की कार्यवाही 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। पंजीयन प्रक्रिया में प्रत्येक आवेदक का ई-केवायसी अनिवार्य किया गया है। शासन द्वारा इसके लिये निरूशुल्क व्यवस्था की गई है। योजना में प्राप्त आवेदनों का मई माह में परीक्षण होगा और 10 जून से पात्र हितग्राही बहनों के खातों में एक-एक हजार रूपये आना शुरू हो जायेंगे।



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 26 अप्रैल को शाम 05 बजे तक कुल दो लाख 24 हजार 632 महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं। इनमें जिले की सातों जनपद पंचायतों में कुल एक लाख 67 हजार 757 से अधिक आवेदन तथा 12 निकायों में कुल 56 हजार 875 आवेदन भरे गए हैं। बाड़ी जनपद में 31443 आवेदन, बेगमगंज जनपद में 20126 आवेदन, गैरतगंज जनपद में 18293 आवेदन, औबेदुल्लागंज जनपद में 25576 आवेदन, सांची जनपद में 27972 आवेदन, सिलवानी जनपद में 22494 आवेदन तथा उदयपुरा जनपद में 21853 महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं।

नगर पालिका बेगमगंज में 5684 आवेदन, नगर पालिका मण्डीदीप में 14958 आवेदन तथा नगर पालिका रायसेन में 7724 महिलाओं के आवेदन भरे गए हैं। इसी प्रकार नगर परिषद बाड़ी में 3411, नगर परिषद बरेली में 4947, नगर परिषद देवरी में 2889, नगर परिषद गैरतगंज में 3014, नगर परिषद औबेदुल्लागंज में 4110, नगर परिषद सांची में 1488, नगर परिषद सिलवानी में 3665, नगर परिषद सुल्तानपुर में 2082 तथा नगर परिषद उदयपुरा में 3203 महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं।

### एसपी विकास ने जगाया विश्वास

## एसपी विकास पर रायसेन जिले की जनता को विश्वास ,पुलिस की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता कायम

रोहित चौधरी बरेली 7 रायसेन जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बेहतर होती जा रही है जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल के नेतृत्व में पुलिस ने जनता का भरोसा हासिल किया है और समय रहते पुलिस तक जनता की महत्वपूर्ण सूचनाएं मिल रही हैं 7 युवा आईपीएस विकास कुमार सहवाल को संवेदनशील माने जाने वाले रायसेन जिले की कमान जिन अपेक्षाओं के साथ सौंपी गई थी उन पर वे पूरी तरह खरे उतर रहे है 7 सहवाल ने चुनौतिओ को अपनी कुशलता दिखाते हुए स्वीकार किया और इसमें भी पूरी तरह सफल भी रहे रायसेन जिले के संवेदनशील अधिकारियों में शुमार एडिशनल एसपी अमृत मीणा के साथ मिलकर विकास सहवाल ने पब्लिक के बीच पुलिस का विश्वास बनाया और पब्लिक के साथ



पुलिस का मित्र व्यवहार आज पुलिस की स्वच्छ छवि का आधार बन चुका है 7

### तत्काल कार्रवाई का भरोसा

पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है की किसी घटना अथवा अपराध की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल कार्रवाई करें इसके अच्छे परिणाम इस रूप में सामने आ रहे हैं कोई भी व्यवहार कोई भी विवाद बहुत आगे नहीं बढ़ पा रहा सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशीलता से इस जिले में पुलिस की यह नीति काफी कारगर साबित हो रही है 7

### इनका कहना है

जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता रूपी मजबूत ढांचागत अवसंरचना विकसित करनी होती है। साथ ही पुलिस को स्थानीय समुदाय से जोडने़ के लिए तकनीकी व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। आम जनता के साथ सतत संवाद तथा समन्वय स्थापित कर विभाग की छवि सकारात्मक बनाई जा रही है।

**विकास कुमार सहवाल**, पुलिस अधीक्षक रायसेन

## अनदेखी: एसडीएम और तहसील परिसर में नहीं सर्वजनिक शौचालय , रोज परेशान होते सैकड़ों लोग

बरेली 7 एसडीएम और तहसील मुख्यालय बरेली में स्थानीय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्या लेकर विभिन्न विभागों तक पहुंचते हैं तहसील परिसर मैं कई विभाग संचालित हैं इसके बाद भी तहसील मुख्यालय परिसर और एसडीएम मुख्यालय परिसर में कोई भी सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से यहां आने वाले लोग खासे परेशान होते हैं समस्या को लेकर आने के बाद लोगों ने प्रशासन को ध्यान दिलाया तहसील कार्यालय में कर्मचारियों के लिए पेशाब घर बना उसका उपयोग सिर्फ आला अधिकारी और कर्मचारी ही करते है वही परिसर में महिला कर्मचारियों के लिए

### शौचालय भी नहीं हैवाटर कूलर पड़े हैं बंद

तहसील मुख्यालय और एसडीएम मुख्यालय पर आने वाले लोगों के लिए उत्तम पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है विगत दिनों पहले नगर वासियों के प्रयास से तहसील परिसर को वाटर कूलर भेंट किया गया था लेकिन प्रशासन की अनदेखी कारण आज वाटर कूलर बंद पड़ा है साथी ही तहसील परिसर में कोई भी उत्तम पेयजल की व्यवस्था नहीं है जिससे लोग भटकते हैं और मजबूरन होटलों में जाकर अपनी प्यास बुझाते हैं

### महिला कर्मचारीयों को होती है शर्मिंदगी

तहसील परिसर और एसडीएम परिसर मैं संचालित विभागों में कई महिलाएं पदस्थ हैं वही परिसरों में महिला शौचालय ना होने के कारण उक्त महिलाओं को बड़ी शर्मिंदगी होती है

### नगर के सुलभ शौचालय

नगर में बस स्टैंड सहित अन्य अन्य जगह बने सुलभ शौचालय भी प्रशासन की अनदेखी के कारण बदहाल हो चुके हैं नाही इन सुलभ शौचालय पर सफाई की जाती है नाही इनके मेंटेनेंस पर कोई ध्यान दिया जाता है जिसके कारण गंदगी की चपेट में सुलभ शौचालय आ चुके हैं मजबूरन लोगों को लघुशंका करने के लिए इन शौचालयों में जाना पड़ता है और बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं 7

## हंस बुद्धि बन मन के प्रदूषण को दूर कर जल प्रदूषण रोकना है



छतरपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा गंगा सप्तमी के उपलक्ष्य में सभी भाई बहनों द्वारा हंस बनाए गए और उनके माध्यम से गंगा की भांति बुद्धि को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया।

उक्त कार्यक्रम जल जन अभियान के अंतर्गत प्रताप सागर तालाब पर किया गया जिसमें बीके कल्पना ने कहा कि गंगाजल की अपनी एक अलग महिमा है, गंगा का पानी नहीं कहते गंगाजल कहते हैं क्योंकि पानी एक साधारण शब्द हो जाता है लेकिन जब उसको जल कहते हैं तो उसका पूजनीय स्वरूप हमारे सामने आता है। जब हम देवी देवताओं के मंदिरों में जाते हैं तो यह नहीं कहते कि पानी चढ़ाने जा रहे हैं हम कहते हैं जल चढ़ाने जा रहे हैं। जब कोई संकल्प लिया जाता है तो यही कहते हैं कि मैं जल को साक्षी मानकर यह संकल्प लेता हूं इसका अर्थ यही हुआ कि जल एक देवता है क्योंकि जो देता है वही देवता है इसलिए हमारा फर्ज है कि हमें जल को बचाना चाहिए उसमें गंदगी नहीं फैलानी चाहिए। हमें जल प्रदूषण को बचाने के लिए मन का प्रदूषण हटाना पड़ेगा इसके लिए हमें हंस बुद्धि बन व्यर्थ का कंकड़ पत्थर छोड़ गुण रुपी मोती चुगना सीखना पड़ेगा।

इस अवसर पर सभी ने मिलकर जल आरती की और मछलियों को दाना खिलाया तत्पश्चात हंस और संत बनने के लिए संकल्प लिए और बीके सुमन, मोहिनी द्वारा जल बचाने की प्रतिज्ञा कराई गई।

## लाड़ली बहना योजना में छूटे हितग्राहियों के फॉर्म तत्काल भरें: कलेक्टर

### दिव्यांग और दूर दराज की पात्र महिलाओं को ढूंढकर लाभान्वित करें

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियांवयन एवं प्रगति की समक्ष एवं व्हीसी के माध्यम से समीक्षा की गई तथा प्रमुख दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसीईओ, डीपीओ, जनपद सीईओ एवं तकनीकि दल उपस्थित रहा तथा व्हीसी के माध्यम से पीओडूडा समस्त सीएमओ जुड़े।

कलेक्टर श्री जीआर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लाभ से एक भी पात्र महिला वंचित न रहे। छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की सूची तैयान कर सभी के 30 अप्रैल के पहले ही फॉर्म भरें। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकायों के संपर्क ग्रुपों में योजना का प्रचार एवं जानकारी भेजें। साथ ही लंबित समग्र ई-केवायसी को पूरा करें तथा डीबीटी इनेबल्ड में आ रही दिक्कत के लिए बैंकर्स से समन्वय कर आधार लिंकिंग कराएं।

कलेक्टर ने दिव्यांग महिलाओं, बीमार और दूर दराज के हितग्राहियों को ढूढ़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए और पलायन हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें बुलाकर फॉर्म भरवाने तथा न आ




पाने की स्थित में पृथक से सूची तैयार करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी निकायों व जनपदों को अगले 5 दिन में प्रथमिकता के साथ लाड़ली बहना योजना में के लक्ष्यानुरूप से भी अधिक कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस कार्य में व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी निभाएं और पात्र महिलाओं को लाभ दिलाएं। योजना का लाभ मिलने से ग्रामीण महिलाएं न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त होंगी बल्कि गांव को भी वित्तीय रूप से कही न कही विकास में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर दिन को आखिरी दिनांक समझकर कार्य करें।

# हिंडालको महान ने ग्राम चौपाल लगा आयोजित की मलेरिया जागरुकता व बचाव कार्यशाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर में विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत वर्ष 2007 से की गई थी। हिंडालको महान द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के तहत आस पास के 15 वार्डो व 11 ग्राम पंचायतों में चलित स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कर लोगो को स्वास्थ्य लाभ देने का काम किया जा रहा है,साथ ही जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगो को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान की जाती है। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हिंडालको महान द्वारा ग्राम मझिगँवा ग्राम पंचायत भवन में मलेरिया बचाव व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें चिरायु जनकल्याण समिति की माध्यम से नुक्कड़ नाटक व जागरूकता गीत गाकर लोगो को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में हिंडालको महान हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशेष शरण ने बताया कि सुरक्षा,इलाज से बेहतर होती है, मलेरिया के मच्छर अधिकतर शाम या रात को काटते है इसलिए इस समय संभव हो तो घर में ही रहे। मलेरिया से बचने के लिए उन कपड़ों का उपयोग करे जो शरीर के अधिकांश हिस्से को ढक सके। घर के आस पास बारिश के पानी या गंदे पानी को जमा ना होने दे। क्यूंकि इसमें मलेरिया के जीवाणु पैदा होने का खतरा रहता है।


# महिंद्रा ने ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज से भारत के पिकअप सेगमेंट में मचाई हलचल; 7.85 लाख रुपए से शुरू




**मुंबई , एजेंसी।** भारत में नंबर 1 पिकअप ब्रांड बोलेरो पिक-अप के निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने आज अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है। हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वर्सेटाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है। पहले से कहीं अधिक फायदे का सौदा साबित होते हुए इसमें स्मार्ट इंजीनियरिंग भी शामिल है।नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। महिंद्रा ने आसान खरीद और ऑनरशिप एक्सपीरियंस के लिए आकर्षक फाइनेंस स्कीम भी पेश की है।ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज एक नए प्लेटफॉर्म के साथ गेम चेंजर होने का वादा करती है, जबकि इसकी कीमत बोलेरो डीएनए के समान ही रखी गई है। यह महिंद्रा की गाड़ियों की उसी साख और ताकत को आगे बढ़ाती है, जो देती है मजबूती, विश्वसनीयता, कम रखरखाव लागत और अच्छी रीसेल कीमत।

# अमेजन फैशन ने जेन-ज़ीशॉपर्स के लिए 1 मिलियन से अधिक प्रोडक्ट के विशाल संग्रह के साथ पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 470 मिलियन से अधिक आबादी वाले भारत की पहली डिजिटल पीढ़ी, जेन-ज़ी लेटेस्ट ट्रेंड पेश करने के साथ ही आज की संस्कृति को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। जेनरेशन ज़ी की सोच औरजीवन शैली को लेकर उनकी पसंद, पहनावे को लेकर उनकी प्राथमिकताएं भविष्य के उपभोग का पैटर्न तय कर रही हैं। यह




ग्राहक वर्ग सिर्फ एक क्लिक में दिखने में बेहद खूबसूरत और आकर्षक जीवन शैली चाहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अमेज़न फैशन ने नेक्स्ट जेन स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है। इस स्टोर को जेनरेशन जी शॉपर्स की फैशन से जुड़ी खास जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ✓.द्वठु पर अपनी तरह के इस पहले स्टोर की शुरुआत का उद्देश्य बाजार में इस खास सेगमेंट की कमी को दूर करना और जेन ज़ी की खास जरूरतों को पूरा करना है। आज की यह पीढ़ी फैशन को लेकर हर दिन नए प्रयोग करना चाहती है, और स्टाइल, साइज, ब्रांड और फिटिंग को लेकर उनकी जरूरतें बिल्कुल अलग–अलग हैं। अमेजन फैशन के पास 200 से अधिक लोकल और ग्लोबल फैशन ब्रांड हैं जो जेन-ज़ी ग्राहकों के लिए बेहद खास, आधुनिक और फैशनेबल स्टाइल प्रदान करते हैं। इस बेहद खास स्टोर को आसान नेविगेशन और खूबसूरत लेआउट के साथ डिजाइन किया गया है, इन सभी खूबियों के साथ यह स्टोर युवा पीढ़ी के ग्राहकों के लिए खरीदारी के अनुभव को बेहद रोमांचक बना देगा।






आज ईदगाह पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण द्वारा ईद के पावन त्यौहार पर सभी मुस्लिम भाईयों को बधाई दी गई ! पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा, पूर्व पार्षद सोनू भाभा, द्वारा भी भोपाल गेट पर बधाई दी, शहर काजी से भी उनके निवास पर पहुंच कर ईद के पावन त्यौहार पर बधाई एवं शुभ कामनायें दीं ।

# तरल डीएपी, यूरिया का इस्तेमाल उर्वरक उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा: अमित शाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को किसानों से तरल नैनो डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और तरल नैनो यूरिया का इस्तेमाल बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि इन कृषि आदानों के व्यापक उपयोग से उर्वरक उत्पादन में भारत आत्मनिर्भर बनेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। इफको के नैनो (तरल) डीएपी उर्वरक को वाणिज्यिक बिक्री के लिए 500 मिलीलीटर की बोतल में पेश करते हुए शाह ने कहा कि यह तरल कृषि आदान कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा को बढ़ाने में मदद करेगा और साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य के संरक्षण में भी मदद करेगा। इस 500 मिलीलीटर की बोतल का दाम 600 रुपये है। यह तरल डीएपी की कीमत पारंपरिक डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की वर्तमान कीमत से आधी से भी कम है।

पारंपरिक डीएपी (50 किलो) के एक बैग की कीमत 1,350 रुपये है। तरल उर्वरकों के उपयोग के लाभों में आयात खर्च कम करने के अलावा मृदा संरक्षण, उच्च फसल उपज, आसान परिवहन और भंडारण शामिल हैं। शाह ने कहा कि भारत की 60 प्रतिशत आबादी कृषि और संबंधित गतिविधियों से जुड़ी है और यह 'क्रांतिकारी विकास' देश को उर्वरक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। 2022-23 में उर्वरक



सब्सिडी बिल 2.25 लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि नैनो डीएपी के इस्तेमाल से किसानों को फसल उत्पादन पर होने वाले खर्च में छह से 20 प्रतिशत की कमी लाने में मदद मिल सकती है। मंत्री ने कहा कि इफको को 20 साल के लिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के लिए पेटेंट मिला है और इस सहकारी संस्था को उत्पादों के इस्तेमाल में लाने के एवज में रॉयल्टी मिलेगी। सरकार ने इस साल मार्च में नैनो डीएपी (तरल) अधिसूचित किया था।

इफको ने एक बयान में कहा कि उसने गुजरात के कलोल, कांडला और उड़ीसा के पारादीप में नैनो डीएपी उर्वरकों के उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं। कलोल संयंत्र में उत्पादन शुरू हो चुका है और इस साल 25 लाख टन डीएपी के बराबर नैनो डीएपी लिक्विड की पांच करोड़ बोतल का उत्पादन किया जाएगा। अनुमान है कि इफको द्वारा 2025-26 तक नैनो डीएपी की 18 करोड़ बोतलों का उत्पादन पारंपरिक डीएपी के 90 लाख टन की जगह लेगा। नैनो डीएपी में एक बोतल में आठ प्रतिशत नाइट्रोजन और 16 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है, जो पारंपरिक डीएपी के 50 किलोग्राम के बैग का स्थान ले सकता है। इफको ने आगे कहा कि उसने अगस्त, 2021 से नैनो यूरिया की 5.44 करोड़ बोतलें बेची हैं।

इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी ने कहा कि नैनो डीएपी को किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें बेहतर भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि और आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाया गया है। इफको के प्रबंध निदेशक यू.एस. अवस्थी ने कहा, ''नैनो डीएपी फसल की पोषण गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने में बहुत प्रभावी पाया गया है और इसका पर्यावरण पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) में महत्वपूर्ण कमी आ सकती है।

# राजीव अरोड़ा ने राजस्थान में निर्यात को बताया बेहतर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** 'एक्सपोर्ट ग्रोथ एवं फ्यूचर स्ट्रेटजी ऑफ राजस्थान' पर चर्चा करने के लिए मंगलवार शाम को जयपुर के होटल हिल्टन में राज्य के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संगठन और उद्योगपति एक जुट हुए। राजस्थान सरकार के राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) द्वारा आयोजित इस बैठक में आरईपीसी एवं राजसीको के चेयरमैन श्री राजीव अरोड़ा के अतिरिक्त वाईस-चेयरमैन आरईपीसी श्री महावीर प्रताप शर्मा, चेयरमैन रबरबोर्ड, डॉ सावर धाननिया, उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त, श्री महेन्द्र पारख, आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन श्री धीरज श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक आरएसआईसी डॉ मनीशा अरोड़ा भी उपस्थित थे।



आरईपीसी एवं राजसीको के चेयरमैन श्री राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह बेहद प्रसन्नता की बात है कि वर्ष 2022-2023 में राजस्थान से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसा अनुमान है कि इस दौरान राजस्थान से लगभग 80,000 करोड़ रुपयों का रिकॉर्ड स्तर पर निर्यात हुआ है। राजस्थान में निर्यात क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य से निर्यात संभावनाओं पर मंथन करने और वृद्धि करने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा मार्केटिंग करने के उद्देश्य से जयपुर एवं विदेश में जैसे मॉरीशस में एग्जीबिशंस आयोजित करने के लिए एक्सपोर्टस् से विचार विमर्श किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संगठनों जैसे फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की), कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), सीतापुरा स्पेशल इकोनॉमिक जोन (सीतापुरा सेज), राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आरसीसीआई), फेडरेशन ऑफ राजस्थान हैण्डीक्रॉफ्ट एक्सपोर्टर्स (फोरहेक्स); राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसियेशन (आरटीएमए), आदि के अध्यक्ष, सदस्य एवं उद्योगपतियों ने भाग लिया।

# पीएलआई के तहत मार्च तक 2,875 करोड़ रुपए आवंटित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लाभार्थियों को मार्च तक 2,874.71 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इससे लाभान्वित होने वाली कंपनियों में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, दवा एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी फर्मों की बहुतायत है। उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आठ उद्योग क्षेत्रों का प्रदर्शन पीएलआई योजना के तहत काफी अच्छा रहा है जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों को अपनी रफ्तार बढ़ाने की जरूरत है।

सरकार ने वर्ष 2020 में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत 14 क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहन के तौर पर




कंपनियों को देने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया था। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आठ क्षेत्रों की कंपनियों से 3,420.05 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन दावे मिले हैं जिनमें से मार्च तक सरकार ने 2,800 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान कर दिया है।

सिंह ने कहा, ''अगले दो-तीन साल काफी महत्वपूर्ण होंगे और हमें उम्मीद है कि चीजें तेज रफ्तार से आगे बढ़ेंगी। दिसंबर, 2022 तक सरकार को 14 क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों से 717 आवेदन मिले थे। इनमें कंपनियों ने 2.74 लाख करोड़ रुपए निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी। हालांकि, सिंह ने कहा कि वास्तविकता में 53,500 करोड़ रुपए का निवेश ही हुआ है जिससे पांच लाख करोड़ रुपए की उत्पादन वृद्धि और तीन लाख से अधिक रोजगार पैदा हुए हैं। पीएलआई योजना के तहत सबसे ज्यादा 1,649 करोड़ रुपए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को आवंटित किए गए थे। इसके अलावा दवा क्षेत्र को 652 करोड़ रुपए और खाद्य उत्पाद क्षेत्र को 486 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। इस योजना के दायरे में कुछ अन्य क्षेत्रों को भी शामिल किए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कई उद्योगों से इस तरह की मांग सामने आ रही हैं लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है।

# हरकी ने भारत में महिलाओं के लिए अधिक समावेशी कार्यबल तैयार करने के लिए कलारी और 360 वन असेट से 40 लाख डॉलर की फंडिंग हासिल की

**बेंगलूरू, एजेंसी।** भारत में महिलाओं के लिए अग्रणी करियर एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म हरकी ने कलारी, 360 वन असेट (पूर्व में आईआईएफएल असेट मैनेजमेंट) और एंजेल निवेशकों जैसे जिया मोदी, पुनीत डालमिया, प्रमित झावेरी, अदिति एवं सुचि कोठारी, केपी बलराज, रंजन पई, नीरज बजाज, आकाश भंसाली एवं अन्य से 40 लाख डॉलर की फंडिंग हासिल करने की घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म का प्रयास भारतीय कार्यबल में लिंग भेद की समस्या से निपटना है जहां केवल 20 प्रतिशत महिलाएं श्रम बल में हिस्सा लेती है, जबकि चीन में यह 60 प्रतिशत और अमेरिका में 55 प्रतिशत है। यह कंपनी महिलाओं को एक विराम के



बाद दोबारा करियर शुरू करने में समर्थ बनाकर प्रारंभ हुई और अब यह महिलाओं को करियर शुरू करने, दोबारा करियर शुरू करने और करियर में आगे बढ़ने में समर्थ बनाकर आगे बढ़ रही हरकी की संस्थापक और सीईओ नेहा बगारिया ने इस फंडिंग पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, भारत में महिलाओं के लिए और अधिक समावेशी कार्यबल का सृजन करने में हमारा सहयोग करने के लिए हम हमारे निवेशकों के बेहद आभारी हैं।श् नेहा के नेतृत्व में यह कंपनी देशभर में 35 लाख से अधिक महिलाओं को सेवा दे रही है और कंपनी की योजना यह स्तर बढ़ाकर भारत में तीन करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने की है।

कंपनियां महिला उम्मीदवारों के संपूर्ण करियर चक्र में भर्ती से लेकर उन्हें बनाए रखने और पदोन्नति तक भ्मतज्ञमल के प्लेटफॉर्म का उपयोग करती हैं। हरकी की सेवाएं इस तरह से डिजाइन की गई हैं।

# सूर्या ने बिजली की बचत करने वाले बीईई मानक सीलिंग पंखे लॉन्च किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप और पीवीसी पाइप के लिए भारत में सबसे सम्मानित और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक, अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने के लिए अपने अनुभव, तकनीक और नवाचार का उपयोग निरंतर कर रही है।कम्पनी द्वारा लॉन्च किए गए नए, उच्च ऊर्जा कुशल ब्लेज़ एचएस स्टार 48 और एचपीएलवी सीलिंग पंखे को खरोंच प्रतिरोध, सुचारू संचालन और हवा को ज्यादा फैलाने के लिए डबल बॉल बेयरिंग एव बेहतर पेंट फिनिश का उपयोग करके खास रूप से डिजाइन किया गया है। उच्च-ऊर्जा कुशल तकनीक एवं कम वोल्टेज पर कुशलता से संचालित करने के लिए एक मजबूत मोटर प्रदान करती है, जो नई तकनीकी से कम आवाज और 52 वाट बिजली की खपत के साथ 215 सीएमएम की उच्च वायु वितरण ओर बेहतर गति जैसे कई लाभ एक साथ प्रदान करती है।सूर्या की ऊर्जा दक्षता और ज्यादा हवा फेकने वाले सीलिंग पेंखे की रेंज, वोल्टेज के उतार-चढ़ाव के दौरान भी कोने-कोने में आरामदायक हवा देती है, जिससे हर समय मन की शांति सुनिश्चित होती है।50 वर्षों की विरासत के साथ सूर्या रोशनी, 1-5-स्टार बीईई रेटिंग में ऊर्जा कुशल सीलिंग पंखों की एक नए युग की विविधता के साथ अच्छी तरह से तैयार है। कंपनी के बीईई स्टार रेटेड सीलिंग पंखों को उन्नत तकनीक के साथ सावधानी से डिजाइन किया गया है, जो उपभोक्ता की पसंद के स्टार लेबल के आधार पर ऊर्जा खपत को 30त्र से 50त्र तक कम करने में मदद करेगा।



बेहतर गति और चौतरफा हवा फेकने के लिए, जो कि किसी भी सीलिंग पेंखे के लिए प्रदर्शन मानक है, स्टार लेबलिंग के मानदंड में भी ईमानदारी से उपयोग किया गया है।इस आधार पर कि सीलिंग पंखे वर्ष के अधिकांश समय में प्रतिदिन 16 घंटे से अधिक समय तक चालू रहते हैं उसे देखते हुए पंखे की नई रेंज बिजली के बिलों में महत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित करेगी।

# राहुल कमलनाथ संदेश यात्रा लेकर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष पटेल आमला पहुचे

## ब्लाक अध्यक्ष सुखदेव नारे के नेतृत्व मे पिछड़ा वर्ग की नुक्कड़ सभा आयोजित

बैतुल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई थी राहुल कमलनाथ संदेश यात्रा जिसे लेकर पिछड़ा वर्ग के कार्यकारणीय अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री पवन पटेल विधान सभा आमला पहुचे । जिनका कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया वही ब्लाक अध्यक्ष श्री सुखदेव नारे के नेतृत्व मे जनपद चौराहा आमला मे नुक्कड़ सभा आयोजित की गई थी। जिसमे श्री पवन पटेल ने नुक्कड़ सभा को सबोधित करते हुए मंच से कहा कि हमे राहुल गाँधी के विचारो को समझने की जरुवत है। 2023 का चुनाव हमारे भविष्य का चुनाव है। कांग्रेस को देश हित के लिए चुनाव जीतना जरूरी है। कांग्रेस का प्रत्याशी हम सबके लिए राहुल गांधी है। चुनाव मे प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी हम आप सभी कांग्रेस जनों की होना चाहिए। कांग्रेस से ही हमारा अस्तित्व है। 2023 का चुनाव अस्तित्व की लड़ाई है। जिसे हम सबको मिलकर जितना है। मध्यप्रदेश मे कमलनाथ की सरकार बनना गरीबो के हित की बात होगी महिलाओ के सम्मान की बात होगी पिछली बार कांग्रेस की सरकार बनते ही माननीय कमलनाथ ने प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। फिर सरकार बनते ही अधूरे कार्यो को पूरा किया जाएगा। वहीं युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुरहानपुर प्रभारी रह चुके नव नियुक्त जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पारधी ने प्रदेश के पिछड़ा वर्ग समाज के बड़ी संख्या मे युवा वर्ग को कांग्रेस पार्टी की सेना और बुजुर्गो के मार्ग दर्शन को पार्टी का आत्म विश्वास विश्वास बताया है । ए आई सी दिल्ली प्रशिक्षण विभाग कौडिनेटर श्री नीरज सोनी ने कहा कि देश मे अब कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए पहले कांग्रेस को इकट्ठा होने के जरुवत है । उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग बहु संख्यक समाज है । जिसे कांग्रेस पार्टी की मुख्य धारा बताया है । अध्यक्ष नारायण धोटे एवं ए आई सी दिल्ली प्रशिक्षण विभाग कौडिनेटर नीरज सोनी ने जिले मे चुनावी रूपरेखा व संगठन के विस्तार को लेकर श्री पटेल से चर्चा की प्रभावित होकर श्री पटेल ने नीरज सोनी नारायण धोटे दोनो को पी सी सी कार्यालय भोपाल आमंत्रित किया है। बल्कि श्री सोनी और श्री धोटे को उनके संपर्क मे रहकर संगठन के विस्तार तथा आगामी विधान सभा चुनावी की रूप रेखा बनाकर सुचारू रूप से कार्य करने के लिए आदेशित किया है। ब्लाक अध्यक्ष सुखदेव नारे ने कहा की पवन पटेल राहुल कलमल नाथ सन्देश यात्रा के सारथी है । जिनके आगमन से जिले मे पिछड़े वर्ग समाज के लोगो के बीच नई जाग्रति आई है । युवाओ का कांग्रेस पार्टी के प्रति जज्बा बढेगा। उन्होंने कहा कि हमारे समाज को आरक्षण का लाभ भी कलमनाथ सरकार ने दिया था । वहीं अंत मे अपने विचारों के साथ अध्यक्ष नारायण धोटे ने कहा की पवन पटेल की संदेश यात्रा कांग्रेस जनो के बीच एकता समन्वय बनाने के साथ कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा समर्पित भाव जागृत कर रही है । कहा कि उन्हें पवन पटेल मे राहुल गांधी की छवि दिखाई दी है । आयोजित सभा मे मुख्य रूप से रूपसिंग ठाकुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका नीरपूरे वीरेंद्र बरते मोहन आकोले करन चन्देलकर संजय साहू छन्नू बेले




सहित पिछड़ा वर्ग के सम्मनित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। आमला से बैतुल पहुचकर प्रकाश माथनकर के नेतृत्व मे हमलापुर चौक मे सभा को सम्बोधित किया। अशोक निरापुरे ने आभार व्यक्त किया । जिला कांग्रेस कार्यलय पहुचकर राकेश शर्मा सहित जिला कांग्रेस के सदस्यों से मुलाकात की जैन दादा वाडी मे रात्रि विश्राम के पश्चात अगली सुबह कार्यकर्ताओ से मुलाकात करने के पश्चात संदेश यात्रा को आगे लेकर शाहपुर प्रस्थान किया।

# 28 अप्रैल को होगी भाजपा किसान मोर्चा संयोजक सहसंयोजक बैठक

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक 28 अप्रैल दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में रखी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष एवं किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में किसान मोर्चा के जिलापदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभाग के संयोजक सहसंयोजक एवं पंचायत एवं वार्ड स्तर पर नियुक्त संयोजक सहसंयोजक उपस्थित रहेंगे। साथ ही किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि सहकारी साख समिति में पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी का भंडारण है किसान भाई शीघ्र ही रासायनिक खाद का अग्रिम उठाव कर लेवे। आगामी एक मई से मार्कफ़ेड द्वारा नगर वितरण भी आरंभ किया जावेगा।

# किसान के बेटे आकाश का हुआ नेट में चयन



**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा के छोटे से गांव लखनवाडा किसान परिवार पिता श्री इंदर लाल डेहरिया एवं माता श्रीमती ममता डेहरिया के सुपुत्र आकाश डेहरिया का यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में विधि विशेष अपने द्वितीय प्रयास में चयन हुआ है, आकाश ने एलएलएम विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से एवं एलएलबी की उपाधि शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा से पूर्ण की है, ये कानून के क्षेत्र में अपना प्रेरणा स्त्रोत व मार्गदर्शक अपने गुरु डॉक्टर राकेश चौरासे सहायक प्राध्यापक को मानते हैं, इन्होंने बताया कि हमेशा आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ाने में डॉ तरुण कुमार मलिक की पूर्ण भूमिका रही है, आकाश हमेशा से ही अपने पिता को कड़ी मेहनत व लगन से प्रेरित रहे हैं यही प्रेरणा उनकी इस सफलता का कारण है वह स्वयं के साहसी होने का श्रेय अपनी माता श्रीमती ममता को देते हैं, वे कहते हैं कि इस सफलता के पीछे उनके भाई, विवेक और विकास तथा बहन काजल का अडिग विश्वास है, अपनी इस उपलब्धि का श्रेय ईश्वर की असीम कृपा दृष्टि के साथ विश्वविद्यालय के गुरुजनों व परिवार के असीम सहयोग के साथ ही मित्रगण, सहयोगी एवं विशेष सहयोगियों को दिया।

# धीरज अध्यक्ष, नगर संयोजक बने अमित

**शहर कांग्रेस कमेटी चौरई की कार्यकारिणी घोषित**

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी चौरई की कार्यकारिणी घोषित की गई है। कार्यकारिणी में सम्मिलित समस्त सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपते हुये यह अपेक्षा की गई है कि वे कांग्रेस की रीति नीति व पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार कार्य करते हुये संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे व क्षेत्रीय विधायक सुजीत चौधरी की अनुशंसा उपरांत शहर कांग्रेस कमेटी चौरई में कांग्रेस के जुझारू व समर्पित निम्न सदस्यों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शहर कांग्रेस कमेटी चौरई की कार्यकारिणी में मार्गदर्शक समिति में ओमप्रकाश अग्रवाल, अवनीत गंगवाल, चंद्रकिशोर खंडेलवाल, पूनमचंद शर्मा, मतीन अली मीर, राजेश वात्सल्य, संजय जैन, प्रेमेन्द्र साहू, कन्हैयालाल चौरसिया, भगवत चौबे, अनुराग माहेश्वरी, कालूराम देशमुख, अरविंद सिंह राजपूत, रामू वर्मा व सतीश पालीवाल को जिम्मेदारी सौंपी है।कार्यकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी तेजपालसिंह रघुवंशी, सचिन (पिंटू) वर्मा, अभिताभ (गोलू) राउत को मनोनीत किया है।

# भारतीय लोक कला पर आधारित पेंटिंग सीखेंगे पीजी कॉलेज के विद्यार्थी

## नई दिल्ली की संस्था और पीजी कॉलेज के बीच हुआ एम.ओ.यू.

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय स्वशासी पीजी महाविद्यालय छिंदवाड़ा के स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और नई दिल्ली की फ्यूजन एकेडमी के बीच एम.ओ.यू. किया गया है । जानकारी देते हुए प्राचार्य



डॉ.पी.आर.चंदेलकर और स्वामी विवेकानंद केरियर गाइडेंस योजना के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ.पी.एन.सनेसर ने बताया कि भारतीय लोक कलाओं पर आधारित पेंटिंग और फ्रेंच, जर्मन जैसी विदेशी भाषा में वर्तमान समय में स्वरोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली की फ्यूजन एकेडमी के साथ महाविद्यालय द्वारा एम.ओ.यू.किया गया है। जिसके अंतर्गत लोक कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिये प्रशिक्षण का आयोजन कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जायेंगे । इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी डॉ.जगमोहन पुशाम सहित करियर गाइडेंस सेल से डॉ.टीकमणी पटवारी, महेंद्र साहू और डॉ.निधि डोडनी उपस्थित थे ।

# वार्डों में बनाए जाएंगे बैडमिंटन, बास्केट बॉल खेल के कोर्ट

**ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या से निपटने दिए निर्देश , निगमायुक्त ने ली समय सीमा समीक्षा बैठक**




**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सभाकक्ष में ली। बैठक में उन्होंने विगत समय सीमा बैठक के प्रकरणों पर की गई कार्यवाही का फ़ॉलोअप लिया तथा जिन प्रकरणों पर कार्यवाही दर्ज नहीं थी उन पर अप्रसन्नता प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जवाब मांगा। फायर सेफ्टी के संबंध में सभी उपयंत्रियो को अपने क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, कबाड़ी संग्रहण दुकान, अस्पताल एवं अन्य बड़े संस्थानों के फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की सघन जांच करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही शेष 2 पानी टंकी को दो दिवस में प्रारंभ करने एवं 4 बिगड़े पानी टैंकर को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए जिससे ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या न हो। आयुक्त ने कॉलोनी विकास कार्य व पूर्णता प्रमाणपत्र, ज़मीन सीमांकन, नाले संबंधित एस्टीमेट, गंदे पानी निकासी संबंधी शिकायतें, ग्रीष्म ऋतु में पेयजल सप्लाई पर ज़रूरी निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्डों में बैडमिंटन व बास्केट बॉल खेल के कोर्ट बनाए जाने के लिए उचित स्थानों की सूची बनाने एवम आगे की गई कार्यवाही तथा कुओं बावड़ी की सूची तैयार कर उन्हें सुरक्षित बनाए जाने के कार्यों के संबंध में फॉलोअप लिया और इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

### राशी मिलने के बाद मकान नहीं बना रहे हितग्राही

आयुक्त ने 5 हज़ार वर्गफीट से अधिक निर्माण वाले भवनों के चिन्हांकन कर सूची बनाने तथा भवन अनुज्ञा के तहत निरीक्षण रिपोर्ट जल्दी प्रस्तुत करने के कार्य में हो रही लापरवाही पर असंतोष प्रकट करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आगाह किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्य अप्रारंभ आवासों की जानकारी लेकर अप्रारंभ आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ करने के निर्देश दिए एवं ऐसे हितग्राही जिन्हे राशि प्राप्त हुई है एवं उनके द्वारा भवन नही बना रहे उनके विरुद्ध राशि रिकवरी के निर्देश दिए।

### सीवर लाइन में क्षतिग्रस्त सड़कों की ली जानकारी

आयुक्त ने सीवर लाइन निर्माण के दौरान क्षति ग्रस्त सड़कों के रेस्टोरेशन वर्क सहित अनधिकृत कॉलोनियों के ले आउट प्रकाशन कार्य की जानकारी ली तथा शहर में आवश्यकतानुसार पाइप लाइन विस्तार, नल में गंदा पानी आने, पानी का प्रेशर कम आने, पानी सप्लाई का समय बढ़ाने, लीकेज सुधरवाने तथा बोर की मोटर बदलवाने से संबंधित जन शिकायतों के निवारण कार्य की जानकारी पेयजल शाखा से प्राप्त कर सभी कार्य शीघ्र करने के आदेश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री व उपायुक्त ईश्वर सिंह चंदेली, वित्त उपायुक्त कमलेश निरगुडकर ,सभी शाखाओं के प्रभारी ,उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

# माईक्रो एरिगेशन परियोजना में नहर बनाने का प्रावधान नही

**भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री उपस्थित नहीं थे**




**छिंदवाड़ा।** जिला भाजपा के अध्यक्ष ने पेंच माईक्रो एरिगेशन परियोजना में चारगांव में नहर निर्माण की शुरूआत का भूमिपूजन किया। पेंच माईक्रो एरिगेशन परियोजना 134 करोड़ रूपये की है जो बनगांव के आसपास बन रही है। इस परियोजना का कार्य मेसर्स एच.ई.एस इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी हैदराबाद कर रही है। इस परियोना में परियोजना के कार्यपालन यन्त्री आशीष महाजन 12 करोड़ एडवान्स दे चुके है, एवं पूर्व कार्यपालन यन्त्री आर.के.भलावी ने 3 करोड़ पाईप के नाम एडवान्स दिया है।

कम्पनी द्वारा पाईप गड़ाने के कार्य चल रहा है, पानी हेतु पम्प हाऊस बनने में वर्षो लगेंगे। यह यह परियोजना पूरी होती है तो सिंचाई का रकबा बढेगा, नहर के शुभारम्भ के कार्य में विभाग के कार्यपालन यन्त्री उपस्थित नहीं थे, वे भोपाल में है। इस परियोजना में पाईप से पानी पहुंचाने का प्रावधान है। इसमें नहर बनाने का प्रावधान नहीं है।

# पक्षियों को पानी पिलाने व्यवस्था की



**छिंदवाड़ा।** एबीवीपी का एक सकोरा,एक प्राण अभियान पक्षियों को पानी पिलाने की की जा रही व्यवस्था शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में सेल्फी विथ सकोरा अभियान के तहत महाविधालय कैंपस में विधार्थियों एवं एबीवीपी के कार्यकर्ता ने सकोरा लगाकर पक्षियों को पानी पीने की व्यवस्था की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एसएफडी के द्वारा सेल्फी विथ सकोरा अभियान चलाया जा रहा

# लाड़ली बहना योजना में कोई पात्र महिला न छूटे: श्रीमती पटले

## कलेक्टर ने की लाडली बहना योजना में प्रगति की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अभी तक ऑनलाईन हुए आवेदनों, महिलाओं के बैंक खातों में ई-केवायसी, आधार लिंकिंग, डीबीटी एक्टिवेशन आदि में प्रगति की जनपदवार एवं नगरीय निकायवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबल योजना के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम छिंदवाड़ा अतुल सिंह सहित मुख्यालय के संबंधित अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से, जबकि फील्ड के सभी अधिकारी अपने-अपने अनुभाग, विकासखंड मुख्यालयों से वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुये । बैठक में कलेक्टर ने एक-एक कर सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ से लक्ष्य के विरुध्द शेष रह गई महिलाओं की जानकारी प्राप्त की और शेष रह गई सभी पात्र महिलाओं के आवेदन 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन भरवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना के अंतर्गत जिले में अच्छा काम हुआ है और अभी तक 3 लाख 59 हजार से ज्यादा महिलाओं के आवेदन भरे जा चुके हैं। लेकिन हमें थोड़ा और मेहनत करने की आवश्यकता है। फील्ड अमले को घर-घर भेजकर शेष रह गई पात्र महिलाओं के आवेदन भरवायें। योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता के बिंदुओं के अनुरूप शेष रह गई महिलाओं का पात्रता परीक्षण करवा लें और गंभीरता से कार्य करते हुए शेष रह गए सभी वास्तविक पात्रों के आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, उसके बाद एक मई से आपत्ति लेना प्रारंभ होगा। कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित नहीं रहनी चाहिए। आपत्ति निराकरण के लिए भी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि पात्रों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन भरने के साथ ही उनका बैंक खाता इकेवाईसी, आधार लिंक्ड और डीबीटी एक्टिव होना अनिवार्य है। जहां कहीं भी गैप है, महिलाओं को जागरूक कर उनका खाता आधार लिंक्ड और डीबीटी एक्टिव करवाने के लिए प्रेरित करें और गैप को दूर करें। उन्होंने संबल योजना में अच्छा कार्य करते हुए लगभग 92 प्रतिशत की स्थिति में पहुंचने पर सभी जनपदों और नगरीय निकायों को बधाई दी। उन्होंने कहा की जिले में संबल योजना में अच्छा काम हुआ है। इस गति को बनाए रखें। नए प्रकरण आने पर उनका भी निराकरण गति के साथ करें। संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता का लाभ संबंधितों को पूरी संवदेनशीलता के साथ तत्परता से दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें।



# घर-घर जाकर 15 मई तक मतदाताओं के भौतिक सत्यापन होंगे

**अमरवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये आदेशानुसार निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-123अमर वाड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केन्द्रों में 17 अप्रैल से प्रत्येक मतदान केन्द्र में नियुक्त बी.एल.ओ. के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है, जो कि 15 मई तक चलेगा। जनपद पंचायत अमरवाड़ा के सभा कक्ष में विधानसभा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार छवि पंथ नायब तहसीलदार सौरभ मरावी ने आज उपस्थित सभी बीएलओ को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर छिंदवाड़ा के निर्देश एवं आदेश अनुसार बताया कि भौतिक सत्यापन के दौरान जिन आवेदकों की एक अप्रैल 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो चुकी है ऐसे आवेदक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिये फार्म-6 के साथ आयु-निवास से संबंधित दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे तथा ऐसे आवेदक जिनकी एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होगी आवेदन करें।

# लंदन में जैन दर्शन पर चर्चा हुई

## स्वदेश लौटे युवा विद्धान अंकुर, अच्युतकांत एवं जिनेश ने भारत का बढ़ाया गौरव




**छिन्दवाड़ा।** युनिवर्सिटी ऑफ लंदन के स्कूल ऑफ ओरियंटल एवं एशियन स्टडीज में सेंटर ऑफ जैना स्टडीज द्वारा प्योर सोल एवं जैनिज्म इन्साइड आउट संगोष्ठी विगत दिनों आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के युवा विद्धानों ने जैनदर्शन के साथ आध्यात्मिक सत्पुरुष कानजी स्वामी से संबंधित विविध विषयों पर शोधार्थियों एवं विशेषज्ञ विद्वानों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किये। फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने बताया कि संगोष्ठी के प्रथम दिन तत्त्ववेत्ता डॉक्टर हुकुमचंद भारिल्ल द्वारा लिखित शोध पत्र भगवान महावीर और उनके अनुयायी कानजी स्वामी का वाचन डॉ भारिल्ल के सुपुत्र परमात्म प्रकाश भारिल्ल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। दो दिवसीय संगोष्ठी में टोडरमल जैन सिद्धांत महाविद्यालय के स्नातक विद्वान अंकुर शास्त्री द्वारा तारण स्वामी के अवदान पर, जिनेश शेठ द्वारा समयसार पर और अच्युतकांत शास्त्री द्वारा निमित्त उपादान पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।दो दिवसीय संगोष्ठी में भारत के अलावा दुनिया भर के शोधार्थी और विद्वानों ने जैनदर्शन से संबंधित शोधपत्र पढ़े। इनमें कैलिफोर्निया से एना बैजल, पैरिस से जेरोम पेट्रिट, पोलेंड से मैटगोर्जेटा ग्लिनिका, लंदन से कोरिन स्मिथ, मुंबई से कामिनी गोगरी, पैरिस से नलिनी बलबीर जैसे विद्वान प्रमुख रहे।

# नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर 13 वाहन संचालकों पर लगाया गया जुर्माना

## कलेक्टर के निर्देश पर बस यात्री की शिकायत पर हुई कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार 24 से 30 अप्रैल 2023 तक सम्पूर्ण प्रदेश में संयुक्त सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इन निर्देशों के परिपालन मे परिवहन विभाग छिंदवाड़ा द्वारा भी लगातार कार्यवाहियां की जा रही है । इसी कड़ी में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में बुधवार को परिवहन जांच दल द्वारा परासिया एवं उमरानाला मार्ग पर सवारी बसों सहित बिना हेलमेट पहने दोपहिया चालक और बिना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया चालकों पर सख्त कार्यवाही करते हुए लगभग 34 वाहनों की जाँच की गईं। जिसमें नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर 13 वाहनों के संचालकों पर कार्यवाही करते हुए उन से लगभग 12500 रूपये का जुर्माना शमन शुल्क लिया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि एक सवारी बस क्रमांक [illegible]0878 के संबंध में सौंसर निवासी यात्री द्वारा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को बस संचालक द्वारा अधिक किराया लेने, आवेदक यात्री के साथ गुंडा गर्दी करने आदि की लिखित शिकायत की गई थी। इस शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा तत्काल परिवहन विभाग को वाहन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके परिपालन में आज परिवहन जाँच दल द्वारा पोआमा चौक पर बस की जाँच की गई। जिसमें परमिट शर्तो का उल्लंघन सहित मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं मे उल्लंघन पाए जाने पर बस जब्त कर देहात थाना पुलिस अभिरक्षा मे खड़ी करवाई गई। साथ ही अन्य वाहनों की जाँच की गई।



# शराब के अड्डों पर आबकारी का छापा



**छिन्दवाड़ा।** आबकारी विभाग के संयुक्त अमले ने बुधवार को शहर के आसपास स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश दी। यह कार्यवाही कलेक्टर शीतला पटले के निर्देश और नवागत ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में हुई। इस कार्यवाही के दौरान 3 प्रकरण दर्ज कर 3 हज़ार किलो लाहन और 40 लीटर शराब जप्त की गई। इस संयुक्त अमले ने सबसे पहले गंगई के डेम के किनारों पर सघन तलाशी ली। जहाँ से लाहन और महुआ बरामद हुआ। इसके बाद मेघासिवनी के जंगल में दो अलग-अलग चल रहे शराब के अड्डों को ध्वस्त कर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। उस दौरान कुल 3 अज्ञात प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। इस कार्यवाही के दौरान एडीईओ अमिताभ त्रिपाठी,बीएल उईके,उमेश मिश्रा,आबकारी उपनिरीक्षक अर्चना घोरमारे,जीत सिंह धुर्वे और आकाश मेश्राम के अलावा अन्य आबकारी कर्मी उपस्थित थे।

# बीपी, शुगर, केंसर के रोगियों की तुरंत जॉच एवं उपचार निर्देश दिये


**विकासखण्ड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक**



**सौंसर।** विकासखण्ड स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन डॉ. जी.सी. चौरसिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला छिदवाडा की अध्यक्षता में, डॉ राजेष तिडके, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ एन.के.शास्त्री, नेत्र विषेषज्ञ, डॉ. हेमराज बोकडे, एनेस्थिसिया तथा समस्त स्वास्थ्य कार्यकतओ की उपस्थिति में आयोजित की गयी। जिसमें समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गयी एवं गर्भवती पंजीयन, हाईरिस्क गर्भवती महिला, एनिमिक महिलाओं को उचित उपचार देने के लिए कहा गया है एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियो को सख्त निर्देष दिये गये है कि बी.पी., सुगर, केंसर के रोगियो को तुरंत जॉच एवं उपचार दिया जाये। बैठक में कम उपलब्धि वाले स्वास्थ्य कर्मचारियो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है ।

# नई पीढ़ी के बच्चों को शास्त्रीय नृत्य एवं भारतीय संस्कृति का ज्ञान हो


## पद्मश्री लीला सैमसन 29-30 को आएंगी भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति देंगी













**छिंदवाड़ा।** कला संगम शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव समिति छिंदवाड़ा द्वारा 29-30 अप्रेल कला संगम नृत्य महोत्सव 2023 का आयोजन राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज फवारा चौक छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। समिति के सचिव अमित डोले ने बताया कि कार्यक्रम में 29 अप्रैल को गुंडु राव जी नरेंद्र (चेन्नई) भरतनाट्यम, दुर्गा आर्य (जर्मनी) कत्थक एवं अमित डोले(छिंदवाड़ा) भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 30 अप्रेल को पद्मश्री लीला सैमसन (चेन्नई) भरतनाट्यम, श्रीमती इंदू एवं श्री निधीश (चेन्नई) भरतनाट्यम, श्रीमती बिंदु जुनेजा (भोपाल) उड़ीसी नृत्य की प्रस्तुति देंगें। ज्ञात हो कि कुमारी लीला सैमसन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की अध्यक्षा एवं शास्त्रीय कला संस्थान कलाक्षेत्र की निदेशक तथा संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष भी रहीं हैं। अमित डोले कलाक्षेत्र चेन्नई के पूर्व छात्र और नेशनल स्कॉलरशिप होल्डर हैं। वर्तमान में चेन्नई से भरतनाट्यम में पीएचडी कर रहे हैं। छिंदवाड़ा में पहली बार हो रहे इस शास्त्रीय नृत्य के अनूठे कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति, सहभागिता एवं सहयोग अवश्य करें। इस आयोजन का उद्देश- देश एवं विदेश के लोगों तक छिंदवाड़ा जिले को पहचान दिलाना है। नई पीढ़ी के बच्चों को हमारी भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रीय नृत्य से परिचय कराना एवं जागरूक करना है। छिंदवाड़ा शहर पर विधिवत रूप से भारतीय संस्कृति की परंपरा एवं शास्त्रीय नृत्य कीगुरु शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाना है।

# जन अभियान परिषद तामिया ने मनाई आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती

**एकात्म पर्व पर हुआ व्याख्यानमाला का आयोजन**



**छिन्दवाड़ा/तमिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल के निर्देशन में तथा विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती, एकात्मक पर्व के रूप में मनाई गई। व्याख्यानमाला के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में जनपद सदस्य जगदीश उइके उपस्थित थे उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य का जीवन दर्शन बहुत ही कल्याणकारी और एकात्म मानवतावाद का रहा, वह प्रत्येक वस्तु में ईश्वर का अनुभव करते थे तथा हिंदू धर्म के धर्म ग्रंथों, वेदांत उपनिषद का कम उम्र में ही पूर्ण अध्ययन करने वाले एकमात्र महापुरुष हुए।सचिव योगेंद्र चंदेल ने भी आचार्य शंकर के जीवन पर प्रकाश डाला, विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे ने अपने उद्बोधन में कहा कि 7 वर्ष की उम्र में ही हिंदू धर्म के सभी ग्रंथों का अध्ययन कर सनातन धर्म को शीर्ष पर ले जाने वाले आचार्य शंकर ही थे जिन्होंने भारत देश ही नहीं अपितु विश्व को सनातन संस्कृति से परिचित कराया। कार्यक्रम में अन्य वक्ता के रूप में नवांकुर संस्था से डॉ धर्मेंद्र वासनिक, अनिल पंद्राम, गौरीशंकर उईके, प्रदीप उइके ने संगोष्ठी में अपना वक्तव्य दिया। जयंती के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता सुभाष मिनोटे, डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा, संदीप राज, पंकज राय एवं स्वाति सूर्यवंशी ने भी आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीएमसीएलडीपी छात्र दशरथ धुर्वे, अनीता धुर्वे, राजेश, विक्रम सोलंकी, सुक्कुलाल धुर्वे, रोहित धुर्वे, सेक्टर प्रभारी पांडूपिपरिया संजय साहू, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य, महिमा सलामे, कलावती इरपाची, बसंती इरपाची, आशलाल धुर्वे एवं अन्य सामाजिक, धार्मिक एवं स्वेक्षिक संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों को भोजन एवं प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन परामर्शदाता सुभाष मिनोटे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन समाजसेवी डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा द्वारा किया गया।



## किरार समाज की बैठक संपन्न

अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के प्रमुख राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पर संपन्न हुई, जिसमें वर्ष भर के महासभा के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा और अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के संयुक्त तत्वधान में आगामी 4 जून 2023 को अखिल भारतीय ( किरार धाकड़ नागर मालव )महा सम्मेलन एवम युवक युवती परिचय और प्रतिभा सम्मान समारोह भेल दशहरा मैदान भोपाल में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोडमल नागर सांसद एवं किरार क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान के विचार विमर्श के बाद तय किया गया है। इसमें लगभग एक लाख समाजबंधुओं भाग लेने की संभावना है। महासभा द्वारा वर्ष भर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कन्या पूजन का कार्यक्रम बलराम जयंती महोत्सव ब्लड डोनेशन कैंप प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री रामकुमार मेहता ने किया ।



आज आईएसबीटी कार्यालय पर महापौर परिषद की बैठक महापौर मालती राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस अवसर पर निगम आयुक्त के वी एस चौधरी एवम सभी एमआईसी सदस्य उपस्थित रहे।



महापौर मालती राय ने आज स्वच्छ अभियान के चलते जोन 13 के नालों का निरीक्षण किया इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आर के सिंह बघेल एवं निगम अधिकारी मौजूद रहे।

## इंदौर नगर निगम पहली बार पेश करेगा पेपरलेस बजट



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर नगर निगम का आज बजट पेश होने जा रहा है। कुछ ही देर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव का पिटारा खुलने वाला है। चुनावी साल होने की वजह से इस बजट में कई अहम ऐलान भी किए जा सकते हैं। इस बार 7500 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश होगा। नगर पालिक परिषद का बजट सम्मेलन आज ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के ग्रैंड हॉल में शुरू होगा।

शहर के नगर निगम का बजट इस बार पेपरलेस होगा। खास बात यह है कि इंदौर लगातार 6 बार स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आ चुका है, ऐसे में इंदौर अब लगातार सातवीं बार नंबर-1 आने की कोशिश करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष कोई नया कर नहीं लाया जाएगा। कुछ करों की दर में जरूर बढ़ोतरी होने वाली है।

बताया जा रहा है कि, भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बजट के तर्ज पर अब इंदौर भी पेपर लेस बजट पेस करने जा रहा है। बजट को लेकर इंदौर नगर निगम ने तैयारियां पूरी कर ली है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव नगर पालिक निगम का अपना पहला बजट पेश करेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव को उनकी माँ ने दहीं शक्कर खिलाया और पिता ने आशीर्वाद दिया। पत्नी जूही भार्गव द्वारा तिलक लगाकर आरती उतारी गई। बजट के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव संपूर्ण एमआईसी के साथ राजवाडा से सिटी बस में रवाना हो गए।

# पूर्व मंत्री जयंत मलैया के पुत्र सिद्धार्थ वापस भाजपा में शामिल

**भोपाल।** दमोह विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह वर्ष के लिए निलंबित किए गए सिद्धार्थ मलैया की भाजपा में घर वापसी हो गई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में सिद्धार्थ को पार्टी में शामिल कराया गया। सिद्धार्थ पूर्व मंत्री जयंत मलैया के बेटे हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में दमोह जिले के सिद्धार्थ मलैया ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता पुनः ग्रहण की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। उनके साथ मनीष तिवारी, अभिलाष हजारी, अजय सिंह, संतोष रोहित, देवेंन्द्र राजपूत ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ये सभी नेता मंडल अध्यक्ष थे, जिन्हें उपचुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाते हुए बाहर किया गया था। गौरतलब है कि दमोह उपचुनाव में कांग्रेस छोड़कर आए राहुल लोधी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया था। भाजपा को इस चुनाव में पराजय मिली थी।





## 37 क्विंटल खिचड़ी पकाकर विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी, साई मंदिर में भव्य आयोजन

**भोपाल।** विश्व रिकार्ड बनाने के लिए भोपाल में गुरुवार को 3700 किलो यानी 37 क्विंटल खिचड़ी पकने जा रही है । इसके लिए एक विशेष हांडी भी तैयार करवाई गई है, जो करीब 1200 किलो यानी 1.2 टन वजनी है। सुबह 10 बजे से खिचड़ी बननी शुरू होगी, जो शाम चार बजे तक कुल छह घंटे में बनकर तैयार हो जाएगी। विश्व रिकार्ड के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में पंजीयन भी कराया गया है। इस आयोजन के दौरान विशेषज्ञ की टीम मौजूद है, जबकि खिचड़ी बनाने से लेकर लोगों में बांटने तक की



वीडियोग्राफी भी होगी। दरअसल भेल में 37 साल नौकरी करने के बाद रमेश कुमार महाजन 24 अप्रैल को सेवानिवृत हुए हैं। वही यह आयोजन करा रहे हैं। दावा है कि अब तक का रिकार्ड 1995 किलो खिचड़ी का है, इसलिए वे आसानी से रिकार्ड को तोड़ देंगे।

महाजन भेल में टेक्नीशियन ग्रेड-एक पोस्ट पर पिछले 37 साल से कार्यरत थे। अवधपुरी में आधारशिला स्थित श्री साईं मंदिर में आज शाम को खिचड़ी वितरित करने का कार्यक्रम होगा। महाजन साईं मंदिर के व्यवस्थापक भी हैं। उन्होंने ही 11 अक्टूबर 2008 को मंदिर की स्थापना की थी। हर साल इसी दिन खिचड़ी के भंडारे का आयोजन होता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। वहीं, प्रत्येक गुरुवार को भी खिचड़ी का वितरण होता है। अबकी बार महाराज ने खिचड़ी का भंडारा पहले ही करने की ठानी। ऐसा सेवानिवृत्त होने पर कर रहे हैं।

## कोलार सिक्स लेन रोड नवंबर से पहले पूर्ण करे: कलेक्टर

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह ने कोलार सिक्स लेन का निरीक्षण किया, पीडब्ल्यूडी व नगर निगम को निर्देश दिए की चुना भट्टी से कोलार चौराहे तक बनने वाली 30 मीटर की रोड के लिए जगह की आवश्यकता होने पर शासकीय भूमि पर निर्मित दुकान मकानों पर लाल निशान लगाएं और अतिक्रमण हटाने की कर्रवाई शुरू करे। एसडीएम टी टी नगर श्री श्रीवास्तव की को निर्देश दिए की नगर निगम के साथ मिलकर दोनो और से अतिक्रमण हटाए।



कोलार चौराहे से गोल चौराहे तक 32 मीटर की रोड बनना है इसके लिए भी जमीन की आवश्यकता होने पर शासकीय भूमि पर लाल निशान लगाकर कोलार एसडीएम अतिक्रमण हटाने की कर्रवाई करे,। इसके साथ ही यदि 32 मीटर दायरे मे निजी भूमि आ रही है तो नगर निगम आयुक्त भूमि स्वामी को अतिरिक्त एफ ए आर और टी डी आर देने के प्रस्ताव पर चर्चा कर सिक्स रोड निर्माण के लिए जगह उपलब्ध कराए।

कलेक्टर आशीष सिंह के साथ निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त के व्ही एस चौधरी कोलसानी, एसडीएम संजय श्रीवास्तव, और क्षितिज शर्मा , पीडब्ल्यूडी के ई श्री अविनेश और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर आशीष सिंह ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और ठेकेदार को निर्देश दिए है की नवंबर से पहले 15 किमी के सिक्स रोड का निर्माण पूर्ण करना है। इसके लिए एक साइड से तीन जगह काम शुरू किया जाए जिससे एक साइड के रोड का काम दो माह में पूर्ण किए जा सके। एक रोड निर्माण के बाद दूसरे साइड के रोड का निर्माण काम शुरू हो और यातायात भी अवरुद्ध नहीं हो। रोड निर्माण की गति को बढ़ाया जाए और अतिक्रमण को हटाने की कर्रवाई भी एसडीएम तुरंत शुरू करे।

## आरोपित को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, थाना प्रभारी समेत चार घायल



**बैतूल, संवाददाता।** मुलताई कस्बे के बोरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांडई में एक आरोपित को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपित और उसके परिजनों ने हमला कर दिया। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात लगभग 2 बजे की है। इस हमले में थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक मुकेश ठाकुर और सिपाही कन्हैया रघुवंशी एवम रोहन उईके घायल हो गए। इस हमले की वजह से पुलिस टीम को बिना कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हमले में घायल एएसआइ मुकेश ठाकुर को गंभीर चोट आने पर तत्काल मुलताई के कृष अस्पताल में भर्ती किया गया। गुरुवार सुबह पुलिस अधिक्षक सिद्धार्थ चौधरी मुलताई के कृष अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली और घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल जाना। इसके बाद पूरी टीम मुलताई थाने से कार्रवाई के लिए मांडई रवाना हुई।

इस संबंध में मुलताई पहुंचे पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि आरोपित मिथुन मगरदे पर सारणी थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज है। वहीं बोरदेही थाने में भी शिकायत होने से उसे बार बार थाने पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था लेकिन नही आने पर पुलिस टीम पकड़ने गई थी जहां उसने परिवार के साथ मिलकर पूरी टीम पर हमला कर दिया।

## 29 अप्रेल को 51 हजार सामूहिक हनुमान चालीसा

**भोपाल।** कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पी. सी. शर्मा जी के द्वारा



51000 सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कमला नगर थाने के बापू नगर स्थित हनुमान मंदिर पास हाट बाजार कोटरा सुल्तानाबाद में 29 अप्रैल 2023 को संपन्न होगा । पाठ के समापन पश्चात् महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा जिसमें भरी संख्या में भक्त शामिल होंगे।

## पेंचवेलीऔर पातालकोट ट्रेन अब सिवनी से चलेगी



**छिंदवाड़ा।** संवाददाता। पेंचवैली और पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन कल से छिंदवाड़ा से आगे सिवनी तक जाएगी एवं सिवनी में 11:00 एफ एम रेडियो का रिले स्टेशन शुभारंभ होगा सिवनी बालाघाट के सांसद डॉक्टर ढाल सिंह बिसेन कल सुबह 7:00 बजे सिवनी रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन का शुभारंभ पेंच वैली ट्रेन पहले छिंदवाड़ा से इंदौर तक चलती थी अब सिवनी से चलेगी इसी तरह पातालकोट एक्सप्रेस छिंदवाड़ा से फिरोजपुर तक चलती थी जो अब सिवनी से चलेगी दोनों ही ट्रेन सुबह सिवनी पहुंचेगी 24 अप्रैल को छिंदवाड़ा से नैनपुर रेल लाइन का शुभारंभ किया गया है और इस रेल लाइन पर छिंदवाड़ा से नैनपुर, इतवारी से रीवा तक ट्रेन प्रारंभ हुई है जो सिवनी से होते हुए आएगी और जाएगी।

## प्रदेश में खुलेंगे आठ नए कला एवं शिल्प उत्पादन केंद्र, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए मप्र पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) ने रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन के तहत प्रदेश में दस कला एवं शिल्प उत्पादन केंद्र (सोवेनियर सेंटर) स्थापित करने की योजना बनाई है। इनमें से दो केंद्र मंडला (पन्ना) और धमना (छतरपुर) में खुल चुके हैं और आठ को खोलने का काम चल रहा है। इन स्थानों में भोपाल, खजुराहो, ओरछा, कान्हा, बांधवगढ़, ग्वालियर, जबलपुर और शिवपुरी आदि शामिल हैं।

# प्रदेश में बेमौसम बारिश और आंधी का दौर जारी

**भोपाल।** प्रदेश में बेमौसम बारिश और आंधी का दौर जारी है। बुधवार को भोपाल, जबलपुर, राजगढ़, सतना, गुना, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश हुई। आज भी बादलों और सूर्यदेव के बीच लुकाछिपी का खेल जारी है, कुल 46 जिलों में मौसम बदला हुआ रहेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर के साथ नर्मदापुरम, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंधी-बारिश होगी। चंबल-उज्जैन संभाग के कई जिले भी भीगेंगे। यहां 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का भी अनुमान है। ओले भी गिर सकते हैं।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) एक्टिव है। इसका असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। इसके चलते ही 27 अप्रैल को आंधी, बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। 4 मई तक यह सिस्टम एक्टिव रहेगा।

**भोपाल में एक हफ्ते तक बारिश हो सकती है-** भोपाल में एक सप्ताह तक लगातार बारिश होने की संभावना है। 27, 28, 29 और 30 अप्रैल को तेज बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में



गिरावट रहेगी। दिन का तापमान 35-36 डिग्री और रात में पारा 22 डिग्री के आसपास रह सकता है।

**बारिश ने लुढ़काया रात का तापमान-** मध्यप्रदेश में बारिश ने न्यूनतम पारे में गिरावट ला दी है। पचमढ़ी में तो न्यूनतम पारा गिरकर 14.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मलाजखंड में यह 15.1 डिग्री रहा। प्रदेश के 10 से ज्यादा शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री या इससे कम रिकॉर्ड हुआ है। सबसे ज्यादा रतलाम में 24.0 डिग्री रहा। प्रदेश के बाकी जिलों में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री या इससे कम रहा।

### कई जिलों में बारिश, आंधी और ओले गिरने का अनुमान

भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, रीवा, सिंगरौली, सीधी, सतना, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, इंदौर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर, श्योपुरकलां, मुरैना, गुना, अशोकनगर, उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास और आगर में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है।

रीवा, भोपाल संभाग के साथ ही धार, इंदौर, खरगोन, निवाड़ी, अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, उज्जैन, पन्ना, रतलाम, शहडोल, टीकमगढ़, शाजापुर, बालाघाट, दमोह, देवास, नरसिंहपुर, छतरपुर, आगर और कटनी में गरज-चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

नर्मदापुरम के संभाग के जिलों के साथ खंडवा, बुरहानपुर, उमरिया, अनूपपुर, जबलपुर, सागर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

ISO 9001 2015 CERTIFIED
PEH
परफेक्ट
~ आई हॉस्पिटल ~

डॉ. मजहर हुसैन
(एम.एस.)
नैत्र रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक - रोटरी नैत्र संस्थान, नवासरी
परामर्श समय :
सोमवार से गुरूवार एवं शनिवार
प्रात: 10 से 1 बजे एवं सायं 5 से 7 बजे तक
शुक्रवार : प्रात: 10 से 12 बजे एवं सायं 5 से 7 बजे तक
रविवार अवकाश
रोड नं, 2, दशपुर कुंज के पीछे, नई आबादी
मन्दसौर (म.प्र.) ☎ (07422) 404532, 356545
नेत्रदान – महादान